सांध्य दैनिक

श्रीकंचनपथ

Happy New Year 2023

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

वर्ष- 14, अंक - 78 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 31 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

अब कहीं भी रहकर मतदान कर सकेंगे वोटर छत्तीसगढ़ में रिमोर्ट वोटिंग पर काम शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। देश में कहीं से भी अब अपने गृह या मूल निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान करना संभव होगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने प्रोटोटाइप रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन विकसित की है। इसके जरिए प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए अपने गृह राज्य व नगर जाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। यह जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने दी है।

रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया है कि रोजगार, शादी, शिक्षा जैसे कई कारणों से मतदाताओं के आंतरिक या घरेलू प्रवासन के कारण कई बार मतदाता वोट नहीं दे पाते थे। रिमोट मशीन के आ जाने से वोटर टर्नआउट में सुधार आएगा और निर्वाचन में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। आयोग ने बहु-निर्वाचन क्षेत्र प्रोटोटाइप रिमोट ईवीएम की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन करने के लिए सभी मान्यता प्राप्त 08 राष्ट्रीय और 57 राज्यीय दलों को 16 जनवरी 2023 को आमंत्रित किया है और उनसे 31 जनवरी 2023 तक लिखित मंतव्य देने का भी अनुरोध किया है। प्राप्त फीडबैक और प्रोटोटाइप के प्रदर्शन के

आधार पर आयोग रिमोट मतदान पद्धति को क्रियान्वित करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। बता दें लोग दूसरे राज्यों में प्रवास के कारण अपने क्षेत्र में मतदान से वंचित हो जाते हैं। इसे देखते हुए रिमोट वोटिंग सिस्टम एक कारगर उपाय होगा। आयोग की टीम ने बाहरी मतदाताओं के वोटिंग के सभी विकल्पों पर विचार करने के बाद ही इस दिशा में काम करना शुरू किया। निर्वाचन आयुक्त अनूप चन्द्र पाण्डेय आयोग और निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल के साथ मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोग ने रू ईवीएम मॉडल के संशोधित संस्करण का उपयोग करने का विकल्प ढूंढा है। इस तरह प्रवासी मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए वापस अपने गृह जिले की यात्रा करने की जरूरत नहीं होगी।

इससे गृह निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान करने की सुविधा प्रदान करने के लिए एक बहु-निर्वाचन क्षेत्र रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आरवीएम) को प्रायोगिक तौर पर शुरू करने के लिए तैयार है। ईवीएम का यह संशोधित रूप एक एकल रिमोट पोलिंग बूथ से 72 विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों पर मतदान करा सकता है। इससे बाहर रहने वाले लोग अपने गृह क्षेत्र में आसानी से वोटिंग कर सकेंगे।

खास खबर...

राहुल गांधी ने दिया आरएसएस व भाजपा नेताओं को दिया धन्यवाद, कहा वे मेरे गुरु हैं

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत जोड़ो यात्रा पर निकले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरएसएस व भाजपा नेताओं को धन्यवाद दिया है। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि भारत जोड़ो यात्रा देश में बढ़ रही नफरत, डर और हिंसा के खिलाफहै। राहुल गांधी ने आरएसएस और बीजेपी नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जितना आक्रमण करते हैं, उतनी ही हमें पोजिशन इंप्रुव करने का मौका मिलता है। उन्होंने भाजपा व आरएसएस को अग्रेसिव अटैक करने कहा है ताकि कांग्रेस को और फायदा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि एक प्रकार से मैं आरएसए व भाजपा नेताओं को अपना गुरू मानता हूं। एक प्रकार से वो हमें रास्ता दिखा रहे हैं कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। राहुल गांधी ने हमारी यात्रा का लक्ष्य हिंदुस्तान को एक अल्टरनेट देने का है। इस दौरान राहुल गांधी ने सरकार की खामियां भी गिनाई। उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां भी हमारी यात्रा के साथ अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं। वे हमें पूरा समर्थन भी दे रहे हैं।

जयशंकर बोले- एलएसी के चलते चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं, पाकिस्तान को भी दी नसीहत

लारनाका (एजेंसी)। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भारत-चीन संबंधों को लेकर भारत का नजरिया एक बार फिर साफकिया। साइप्रस के लारनाका में भारतीय प्रवासियों के साथ अपनी बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि हमारी सीमाओं पर चुनौतियां हैं जो कोविड के दौरान बढ़ गई हैं। चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हैं क्योंकि हम एलएसी को एकतरफा बदलने के किसी भी प्रयास के लिए सहमत नहीं हैं।

उन्होंने कहा, भारत को लेकर काफी उम्मीदें हैं क्योंकि हमें एक ऐसे देश के रूप में देखा जाता है जो समस्याओं को हल करता है। हमें एक मजबूत अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में देखा जाता है और हमें एक स्वतंत्र देश के रूप में भी देखा जाता है। आतंकवाद के मुद्दे पर जयशंकर ने कहा कि मूल मुद्दों पर कोई समझौता नहीं है क्योंकि कोई भी देश आतंकवाद से उतना पीड़ित नहीं है जितना हम हैं। हम बहुत स्पष्ट रहे हैं कि हम कभी भी आतंकवाद को सामान्य और तर्कसंगत नहीं बनाएंगे। वहीं, पाकिस्तान पर एक परोक्ष हमला बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत को बातचीत की मेज पर मजबूर करने के लिए आतंकवाद को एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। जयशंकर ने साइप्रस में भारतीय प्रवासियों से बातचीत के दौरान पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा, हम इसे कभी भी सामान्य नहीं करेंगे। हम कभी भी आतंकवाद को बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर नहीं होने देंगे। हम सभी के साथ अच्छे पड़ोसी संबंध चाहते हैं। लेकिन अच्छे पड़ोसी संबंध होने का यह मतलब बहाना बनाना या दूर से देखना या आतंकवाद को युक्तिसंगत बनाना है। हम इसे लेकर बहुत स्पष्ट हैं।

नए साल के जश्न के लिए सरकार ने जारी किया गाइडलाइन, रात 10 से 12 बजे तक बजा पाएंगे लाउडस्पीकर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। नववर्ष के कार्यक्रमों के आयोजन में ध्वनि विस्तारक यंत्र लाउडस्पीकर की अनुमति के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को जारी दिशा-निर्देश में यह स्पष्ट किया गया है कि नववर्ष के कार्यक्रमों में 31 दिसम्बर एवं 01 जनवरी 2023 की रात को 10 बजे से 12 बजे तक ही नियमानुसार लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति दी जा सकेगी।

इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को ध्वनि प्रदूषण नियम के अधीन ही व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है। ध्वनि प्रदूषण नियम के निर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि विगत वर्षो के भांति नववर्ष आगमन के अवसर पर प्रदेश के नागरिकों और संस्थाओं के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना संभावित है। इन आयोजनों से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण से प्रदूषण के स्तर वृद्धि को देखते हुए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नववर्ष की आगमन पर राज्य में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में 31 दिसम्बर 2022 और एक जनवरी 2023 को रात्रि 10 बजे से अर्द्धरात्रि 12 बजे तक लाउडस्पीकर एवं जन उद्घोधन प्रणाली के उपयोग के अनुमति ध्वनि प्रदूषण नियम में निर्धारित मापदण्डों के अध्यधीन रहते हुए अनुमति प्रदान की जाए।

मोबाइल नहीं दिला सका मजदूर पिता, तो बच्चे ने उठाया खौफनाक कदम, फांसी लगाकर दी जान

सक्ती (एजेंसी)। बच्चों में स्मार्ट फोन चलाने का शौक इस कदर हावी है कि वे इसके लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। बच्चों का यह शौक जानलेवा साबित हो रहा है। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में आत्महत्या का एक खौफनाक मामला सामने आया है। 13 साल के बच्चे ने मोबाइल नहीं मिलने पर स्कूल के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। बच्चा 26 दिसंबर से गायब था और 29 दिसंबर को स्कूल खुलने के बाद घटना की जानकारी मिली। इस बीच घर वाले लापता बच्चे की खोज में लगे हुए थे।

मिली जानकारी के अनुसार कक्षा आठवीं में पढ़ने वाला आदित्य श्रीवास (13) सुकली पाली का रहने वाला है। इसके पिता मजदूरी करते हैं और उसने अपने पिता से मोबाइल की डिमांड कर रखी थी। पिता ने पैसे मिलने पर मोबाइल दिलाने का वादा भी किया। यह बात बच्चे को पसंद नहीं आई और वह घर से चला गया। 26 दिसंबर को वह घर से निकला और उसके बाद लौटा नहीं। घरवालों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इस बीच परजिनों ने थाने में भी इसकी सूचना नहीं दी और अपने स्तर पर ही लापता बच्चे की तलाश करते रहे।

स्कूल खुला तो सामने आया सच

क्रिसमस के कारण स्कूल में अवकाश चल रहे थे। इस बीच स्कूल बंद था। 29 दिसंबर को स्कूल खुला तो एक कमरे में बच्चे का शव लटका हुआ था। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव की शिनाख्त आदित्य श्रीवास के रूप में हुई। इसके बाद परजिनों को इसकी जानकारी दी गई। परिजनों ने बताया कि मोबाइल फोन की जिद कर रहा था। इसके लिए इतना बड़ा कदम उठा लेगा इसकी जानकारी परिजनों को नहीं थी। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

नेशनल हाइवे में हादसा

बस-फॉर्च्यूनर की भिड़ंत में आठ की मौत, 30 से ज्यादा घायल

नवसारी (एजेंसी)। शनिवार की सुबह नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा हो गया। घटना गुजरात के नवसारी जिले की हैं यहां सुबह नेशनल हाईवे पर एक फॉर्च्यूनर कार और लग्जरी बस की भीषण टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई है जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार लग्जरी बस अहमदाबाद से वलसाड़ जा रही थी. बताया जाता है कि बस नेशनल हाईवे पर नवसारी जिले के वेसवां गांव के समीप ही पहुंची थी कि सामने से आ रही फॉर्च्यूनर कार से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि फॉर्च्यूनर कार के परखच्चे उड़ गए और बस का भी अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया।

इस दौरान वाहन में फंसे लोगों को निकालकर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने आठ लोगों को मृत घोषित कर दिया। सभी आठ मृतक फॉर्च्यूनर में सवार थे। बताया जाता है कि फॉर्च्यूनर कार डिवाइडर पार करके गलत साइड में आ गई और सामने से आ रही लग्जरी बस से जा टकराई जिससे यह हादसा हुआ। इस हादसे में 32 लोग घायल भी हुए हैं। डॉक्टर्स ने 32 घायलों में से 17 की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए वलसाड रेफर कर दिया। एक घायल को सूरत रेफर किया गया है। अन्य 14 घायलों का उपचार नवसारी में ही चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

फ्रांस ने भी लगाई चीन पर यात्रा पाबंदियां, इटली पहुंचे विमानों में 100 संक्रमित मिलने से दहशत

पेरिस (एजेंसी)। चीन में कोरोना के बिगड़ते हालात के बीच अब फ्रांस ने भी चीन से आने वालों पर यात्रा पाबंदियां लगा दी हैं। इससे पहले भारत और अमेरिका समेत सात से ज्यादा देश ऐसा ही कदम उठा चुके हैं।

अब चीन से फ्रांस पहुंचने वाले यात्रियों को निगेटिव कोविड रिपोर्ट दिखाना होगी। यात्रियों को फ्रांस यात्रा पर रवाना होने से 48 घंटे पहले की कोविड निगेटिव रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य कर दिया है। फ्रांस के स्वास्थ्य व परिवहन मंत्रालयों द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार चीन से आने वाली सारी उड़ानों सीधी या अन्य देशों से होकर आने वाली के यात्रियों को कोविड टेस्ट रिपोर्ट अपने साथ रखना होगी और मास्क पहनना होगा। दरअसल, चीन से इटली पहुंचे दो विमानों में 100 यात्री कोरोना पॉजिटिव मिले थे। इसके बाद दुनियाभर के देशों ने एहतियाती कदम उठाना शुरू कर दिया।

भीषण हादसा: डिवाइडर से टकराई बाइक, तीन युवक गंभीर

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नए साल के जश्न में लापरवाही लोगों की जान पर बन आ रही है। दुर्ग में शुक्रवार आधी रात को डिवाइडर से टकराने से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना मोहन नगर थान के पास स्टेशन रोड की बताई जा रही है। हादसे की सूचना के मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि इनमें से एक का इलाज रायपुर में चल रहा है। बाकी दो जिला अस्पताल में भर्ती हैं।

मिली जानकारी के अनुसार हादसा शुक्रवार आधी रात लगभग 12 बजे के बाद की बताई जा रही है। बाइक सवार धमधा नाका ओवरब्रिज की ओर से ग्रीन चौक की ओर से आ रहे थे। बताया जा रहा है कि इनकी बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। इस दौरान इनकी बाइक अनियंत्रित हुई और डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भयानक था कि तीनों बाइक सवार सड़क पर सिर के बल गिरे और गंभीर चोट आई। घायलों की पहचान हरिओम, अल्ताफ व रोशन साहू के रूप में हुई है। तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से एक को रायपुर रेफर किया गया है।

कहीं गलती तो नहीं कर रही भाजपा?

श्रीकंचनपथ

आज छत्तीसगढ़ एवं उसके नगरीय निकायों पर कांग्रेस का कब्जा है. पंद्रह साल सत्ता में रही भाजपा फिलहाल हाशिए पर है. अगले विधानसभा चुनावों को एक साल से भी कम समय रह गया है. ऐसे में पार्टियों का चुनावी मोड में आना स्वाभाविक है. श्रोताओं, पाठकों और दर्शकों का चुनावी इंटरटेनमेंट शुरू भी हो गया है. कांग्रेस और भाजपा के दिग्गज नेताओं के चुटीले शब्दबाण लोगों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं. पर भाजपा कार्यकर्ताओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि केन्द्र में उनकी सत्ता है. वो देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं. उनकी पार्टी के पास एक बड़ा समर्थक बेस है. करोड़ों लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फडाईहार्ड फैनफ हैं. पर इनकी हरकतें किसी क्षेत्रीय पार्टी जैसी हो रही है. रायपुर नगर निगम के घेराव के दौरान भाजपा समर्थकों ने जो तांडव किया है वह किसी भी राष्ट्रीय पार्टी के समर्थकों, कार्यकर्ताओं या नेताओं को शोभा नहीं देती. यह अराजकता वाली स्थिति है. प्रदर्शनकारी नगर निगम की इमारत पर बाहर से चढ़ने की कोशिश करते रहे. बंद गेट पर झूमाझटकी की. पुलिस वालों के साथ हाथापाई भी की. महिला पुलिस कर्मियों को चोटें पहुंचाईं. पुलिस अधिकारियों के कंधे से स्टार खींचने की कोशिश की गई. पुलिस ने संयम से काम लिया और बलप्रयोग नहीं किया. पुलिस को पता था कि मार खाया हुआ कार्यकर्ता नेता बन जाता है. उसने किसी को यह मौका नहीं दिया. आखिर क्या साबित करना चाहते थे भाजपाई? क्या वो देश के सरकारी कामकाज के तौर-तरीकों से असहमत हैं? क्या असहमति व्यक्त करने यह तरीका उन्हें जायज लगता है? उनकी इन हरकतों का खामियाजा अब पार्टी को हर शहर में उठाना पड़ सकता है. लोगों के दिमाग में रायपुर नगर निगम पर चढ़ रहे लोगों की फोटो छप गई है. भिलाई की ही बात करें तो नगर निगम में एक एमआईसी सदस्य ने भाजपाइयों को गुंडा कह दिया. दरअसल, एक के बाद एक पिटते मुद्दों से भाजपा बौखलाई हुई है. उसकी हरकतों में यह बौखलाहट साफदिखाई दे रही है. किसी भी सत्ता के खिलाफअसंतोष का होना स्वाभाविक है. पर भाजपा असंतोष के कारणों को ढूंढकर जनता के बीच जाने को तैयार नहीं हैं. अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए वह तोड़फोड़ की रणनीति पर काम करती हुई प्रतीत होती है. छत्तीसगढ़ में ऐसी किसी तोड़फोड़ को स्वीकार्यता नहीं है. एक समय था जब ऐसी हरकतें एनएसयूआई करती थी. लोगों के बीच उस दौर में एनएसयूआई की कोई अच्छी छवि नहीं थी. पर वक्त के साथ एनएसयूआई ने खुद को संभाल लिया और आज एनएसयूआई कार्यकर्ता पार्षद, विधायक बनकर समाज में घुलमिल रहे हैं. तो फिर क्या कारण है कि भाजपा छत्तीसगढ़ में अपनी संभ्रांत छवि को त्यागकर छिछोरी हरकतों पर उतर आई है? स्मरण रहे कि छटपटाहट से नहीं बल्कि अनुशासित सेना और अच्छी रणनीति से ही युद्ध जीते जा सकते हैं. क्या भाजपा इसके लिए तैयार है?

संपादकीय

उदास है फुटबॉल

हमारी दुनिया के एक महान फुटबॉल खिलाड़ी, जिन्हें वह पेले के नाम से जानती है, अब जब नहीं हैं, तो उनके महत्व और प्रभाव को बचाए रखने की जिम्मेदारी दूसरों पर आ पड़ी है। पेले अर्थात एडिसन अरांटिस हो नैसिमेंटो केवल एक खिलाड़ी नहीं थे, बल्कि एक बेहतरीन प्रेरक इंसान भी थे। वह दूसरे अनेक खिलाड़ियों की तरह अप्रासंगिक नहीं हो गए थे, नेमार जैसे अपेक्षाकृत युवा ब्राजिली खिलाड़ियों के साथ भी उनका सरोकार निरंतर बना हुआ था। वह 82 की उम्र में लंबी बीमारी के बाद दुनिया से गए हैं। उनके रिकॉर्ड को तोड़ना हमेशा मुश्किल रहेगा। पेले अपने देश ब्राजील को तीन विश्व कप जिताने में कामयाब हुए थे, यह एक ऐसा इतिहास है, जो फुटबॉल की दुनिया में लाइटहाउस की तरह है। जिस भी खिलाड़ी को अहंकार होगा, वह पेले पर गौर करेगा, तो महसूस होगा कि पेले किस खास मिट्टी के बने थे। वह दशकों से दुनिया में बच्चों के पाठक्रम का हिस्सा रहे हैं और शायद हमेशा रहेंगे। दिग्गज खिलाड़ी भी अक्सर यह कहते हैं कि खिलाड़ी तो बहुत हुए, पर पेले जैसा कोई न हुआ। अव्वल तो पेले नामकरण की कथा ही अपने आप में सीखने योग्य है। बड़े या अमीर घरों के कुछ लड़कों ने गरीब कामवाली के लड़के को यह नाम दिया था। अपमानित करने या चिढ़ाने के लिए जिस संबोधन का इस्तेमाल हुआ था, वही एक दिन दुनिया के सफलतम फुटबॉलर का नाम बन गया। दूसरी बात, पेले उन लोगों का जवाब हैं, जो यह कहते हैं कि गरीबी सफलता में आड़े आती है। वास्तव में, कामयाबी के लिए जद्दोजहद एक अलग ही जुनून है, जहां गरीबी महज एक पड़ाव है। था एक समय, जब पेले मोजे या कपड़े की बॉल से खेलते थे। पांव में जूते नहीं थे, बदन पर पूरे कपड़े नहीं थे, लेकिन कोई उन्हें सफलता की सीढ़ियां चढ़ने से रोक न सका। तीसरी बात, पेले परंपरा और संस्कृति का सम्मान करने वाले खिलाड़ी थे। दुनिया में ज्यादातर लोग समय के साथ बदल जाते हैं, जबकि जीवन में कुछ नया करते हुए अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़े रहना ज्यादा जरूरी है। जब भी मौका मिलता था या जरूरत पड़ती थी, वह सांबा शैली की फुटबॉल खेलते थे। फुटबॉल की यह शैली, जिसमें बॉल और खिलाड़ी मानो एकाकार हो जाते हैं और देखने वाला जादुई खेल का गवाह बनता है। पेले साल 1958 में महज 17 साल के थे, लेकिन उन्होंने फुटबॉल विश्व कप के फाइनल में दो गोल किए थे। वह जीत आज भी ब्राजील और दुनिया के लिए मिसाल है। वह कामयाबी बहुत बड़ी थी, लेकिन वह किशोर अपनी पहली सफलता से अभिभूत नहीं हुआ, वह स्वदेश लौटते ही अभ्यास में जुट गया, तभी वह और दो बार अपने देश को विश्व कप दिला पाया। जिन्हें लंबा सफर तय करना होता है, वे चकाचौंध के चक्कर में नहीं पड़ते। पेले अपने देश में सबसे सम्मानित व्यक्तियों में गिने जाते थे, किसी राजनेता से भी अधिक प्यार उन्हें हासिल था। खेलों के इतिहास में पेले एक शिखर हैं। किसी ने सही कहा है कि पेले मरते नहीं, हमेशा जिंदा रहते हैं। एक ऐसे इंसान, जो तर्क और गुरुत्वाकर्षण से परे थे, जिन्हें प्रतिद्वंद्वी किसी रहस्य या महामानव के रूप में देखते थे। आज पेले नहीं हैं, तो फुटबॉल उदास है। पेले का एक कथन गूंज रहा है, 'सफलता कोई दुर्घटना नहीं है। यह कड़ी मेहनत, दृढ़ता, सीखना, पढ़ना, त्याग करना और सबसे बढ़कर, आप जो कर रहे हैं या करना सीख रहे है, उससे प्यार करना है'।

> "बड़े या अमीर घरों के कुछ लड़कों ने गरीब कामवाली के लड़के को यह नाम दिया था। अपमानित करने या चिढ़ाने के लिए जिस संबोधन का इस्तेमाल हुआ था, वही एक दिन दुनिया के सफलतम फुटबॉलर का नाम बन गया। दूसरी बात, पेले उन लोगों का जवाब हैं, जो यह कहते हैं कि गरीबी सफलता में आड़े आती है।

शांति की बात शुरू कीजिए

मात्र एक जीसस और एक बुद्ध से काम नहीं चलेगा। ऐसे कई लोगों की आवश्यकता है। तभी इस दुनिया के लिए एक संभावना पैदा होगी, अन्यथा उसका उग्रवादी बनना जारी रहेगा। धर्म एक अंदरूनी कदम है। लेकिन धर्म अगर एक या दूसरे समूह से जुड़ना भर रह जाए, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उससे सिर्फ अलगाव उपजा है; सिर्फ संघर्ष आया है। इसने लोगों के बीच सिर्फ घृणा फैलाई है। जो लोग आज एक साथ हैं, जैसे ही वे अपने धर्म के साथ पहचान जोड़ लेते हैं, अचानक अलग-थलग हो जाते हैं। वे एक-दूसरे के घर जलाने लगेंगे, दस मिनट पहले वे ऐसा सोच भी नहीं सकते थे। जैसे ही वे किसी धार्मिक समूह से अपनी पहचान जोड़ लेते हैं, वे लड़ने के लिए तैयार हो जाते हैं। अगर वे इन समूहों से नहीं जुड़ते, तो कम से कम उनके पास लड़ने का कोई कारण तो नहीं होता। शायद व्यक्तिगत स्तर पर लोग लड़ेंगे, लेकिन समूह के रूप में लड़ने का उनके पास कोई कारण नहीं होगा। कुछ लोग निजी कारणों से झगड़ते हैं, यह अलग बात है। लेकिन इस तरह सामूहिक रूप से हैवानी शक्ति का प्रदर्शन तो नहीं होगा। फिलहाल धर्म का मतलब हो गया है समूहों से जुड़ना; धर्म लोगों से यही करवा रहा है। उसका मकसद लोगों को देवता बनाना है, लेकिन इसने उन्हें इंसान भी नहीं रहने दिया। वे जानवर जैसे बनते जा रहे हैं, क्योंकि जैसे ही आप किसी समूह से जुड़ते हैं, आप उस समूह की रक्षा करना चाहते हैं। आपके अंदर की यह स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। यह मनुष्य की सहज प्रवृत्ति है। एक बार आप खास समूह से जुड़ गए, तो आप दूसरे के लिए खतरा बन जाते हैं।

निश्चित रूप से हर व्यक्ति शांति चाहता है। कोई भी संघर्ष नहीं चाहता, पर जिस क्षण वह एक समूह से जुड़ता है, वह लड़ता है। है न? व्यक्तिगत स्तर पर आप बात करें, तो पाएंगे कि इस व्यर्थ चीज को कोई नहीं चाहता, पर जैसे ही वे किसी समूह के साथ जुड़ते हैं, तो वे अपनी बुद्धि खो देते हैं और एक अलग किस्म की भावना में जलने लगते हैं। तो हम शांति की बात क्यों नहीं कर सकते? समय आ गया है कि हम इसकी बात करें। आज अगर हम इसके बारे में सिर्फ बात करना शुरू करें, तो इस स्थिति में बदलाव आ सकता है। अगर आप इस बारे में बात करने का साहस नहीं करते, तो इस संसार को हमेशा के लिए इसी दशा में छोड़ देंगे। जीसस को सूली पर लटकाने का एकमात्र कारण यही था कि उन्होंने इसके बारे में बोलने का साहस किया था।

एक बार फिर लोगों के साथ वही चीजें हो रही हैं। तो, ऐसा नहीं है कि आपने इसे एक बार ठीक कर दिया, तो यह हमेशा ठीक रहेगा। नहीं, इसे निरंतर सुधार की जरूरत है। हर वक्त मात्र एक जीसस और एक बुद्ध से काम नहीं चलेगा। ऐसे कई लोगों की आवश्यकता है। केवल तभी इस दुनिया के लिए एक संभावना पैदा होगी, अन्यथा उसका उग्रवादी बनना जारी रहेगा।

सद्गुरु जग्गी वासुदेव

नेहरू मंत्रिमण्डल का निर्णय

आज भारतीय मन्त्रिमण्डल की बैठक हुई, जिसमें कहा जाता है, काश्मीर के उस युद्ध के प्रश्न को सं.रा. संघ की सुरक्षा-परिषद में भेजने का निश्चय किया गया, जो पाकिस्तान गैर-सरकारी रूप से भारत के विरुद्ध लड़ रहा है। किन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि पिछले रविवार को भारत सरकार ने काश्मीर में पूर्ण शक्ति से युद्ध करने का जो निश्चय किया था उसमें किसी प्रकार की शिथिलता आने दी जायेगी।

पता चला है कि नेहरू जी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री श्री एटली को रविवार को सूचना दी थी कि पाकिस्तान को ठीक रास्ते पर लाने के लिए किये गए प्रयास कई बार विकल हो चुके हैं और अब भारत के सामने और कोई चारा नहीं रह गया है, सिवा इसके कि यह अपनी सैनिक कार्रवाइयां बढ़ाये और सुरक्षा-परिषद को सूचित कर दे कि पाकिस्तान किस प्रकार अन्तरराष्ट्रीय नियमों को भंग करने का अपराध कर रहा है।

> "आज खत्म हो रहे वर्ष में कई ऐसी घटनाएं थीं, जिनको नहीं होना चाहिए था। यूक्रेन में जंग तो इस साल की बदनसीबियों का शिखर है। हे भगवान, ऐ खुदा, सबको सन्मति दे।

हम एक सुनहरे 2023 के लायक बनें

गोपालकृष्ण गांधी, पूर्व राज्यापाल

यह साल समय के क्षितिज में डूब रहा है। हर साल की तरह यह भी काल के खेल में खुद को खो रहा है। कुछ दुख हैं इसके चले जाने में? कुछ गिला? कुछ अफसोस? नहीं, अफसोस नहीं है, लेकिन इस साल के लिए मन में आभार जरूर है, और उसके कुछ तोहफों के लिए शुक्रगुजार हैं हम।

यह साल भी कोरोना का साल था, मर्ज और मातम का साल। किस बद-हवा के मुकुट पहनकर आई महामारी कि सारी दुनिया को मुखौटा या मास्क पहना गई! वाकई, इस साल कई ऐसी घटनाएं थीं, जिनको नहीं होना चाहिए था। यूक्रेन में जंग इस साल की बदनसीबियों का शिखर है। उस देश के लोगों की पीड़ा का अंत नजर नहीं आता है। मासूमों की हत्या हुई है। सेना का जवान तो केवल आदेश पहचानता है, उस आदेश की अंतर्वस्तु पर सोचने का उसके पास समय नहीं है। वह लड़ने के लिए ही प्रशिक्षित हुआ है। युद्ध का बिगुल बजा नहीं कि लड़ाई में उतरना उसका फर्ज बन जाता है। कितने योद्धाओं ने यूक्रेन में अपनी जान गंवाई है! हे भगवान! कितनी माताओं ने पूत लुटाए हैं और कितनी महिलाओं ने पति? शासकों का यह कैसा घमंड है? कैसी भयानक मनोवृत्ति है, जो अपने अणु-शस्त्रों के तांडव-भय से सारी दुनिया को सर्वनाश के किनारे तक पहुंचा सकती है? साल 2022 ने प्रकृति का प्रकोप भी खूब देखा है। हमारे उत्तराखंड में वनाग्नि, असम में बाढ़, कई जगह छोटे-बड़े भूकंप। अगर इंग्लैंड ने अपनी मलिका एलिजाबेथ को खोया, तो भारत ने अपनी संगीत साम्राज्ञी लता मंगेशकर को। हम गरीब हो गए हैं उस बुलबुल-ए-हिंद के उड़ जाने से।

फिर भी बीतते साल ने ऐसा क्या दिया कि उसकी विदाई में हमें शुक्रगुजारी महसूस हो? इस साल ने हमें हमारी प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अमूल्य तोहफा दिया है। स्वधर्म से संशयवादी और स्वभाव से निंदक लोग मेरे इस कथन से शायद सहमत न हों, जो कहें कि इसमें राजनीति है और कुछ नहीं। लेकिन नतीजा हमारे सामने है। राष्ट्रपति का यह निर्वाचन भारतीय गणराज्य को साल 2022 की ऐतिहासिक भेंट है। एक बेसहाय समुदाय की उपज, एक महिला, एक उपेक्षित समाज की प्रतीक, भारत के हाशियों की परिचायक आज उस आसन पर विराजमान हैं, जिसका उद्घाटन देशरत्न बाबू राजेंद्र प्रसाद ने किया था। यह कोई मामूली उपाधि नहीं है, बापू इसके तथ्य को पहचानेंगे, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर इसके तुक को सराहेंगे।

हमारे प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की नियुक्ति भी खास है। यदि श्रीमती मुर्मू का निर्वाचन दिखाता है कि नव-योग्यता परंपरा से कम नहीं होती, वहीं न्यायमूर्ति धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ की नियुक्ति यह कहती है कि परंपरा में भी कुछ बात है। स्व-योग्यता हो, खुद की सच्चाई हो, काबिलियत, इल्म, हुनर, निष्ठा हो, जो हमारे नए प्रधान न्यायाधीश में भरपूर है। प्रधान न्यायाधीश धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ ने अपने पिता न्यायमूर्ति यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ के विचारों से अलग होते हुए भी वक्तव्य दिए हैं। उन्होंने कहा, निजता के बिना गरिमा संभव नहीं। इसे यूं भी कहा जा सकता है- गरिमा मेरे निज में ही है बसी/ कहकर मैं, आंसू पोंछ हंसी। उनके इस कथन को भी लें कि मतभेद प्रजातंत्र का सुरक्षा कपाट है। उनके निर्णयों से सोचने व बोलने की स्वतंत्रता सशक्त हुई है। उनकी नियुक्ति में हम कृतज्ञता और 2022 की कृपा देख सकते हैं। और फिर चुनाव! कुछ प्रांतों में भय-मुक्त, स्वतंत्र चुनाव में जनता ने जहां पदासीन पार्टी को पुन जिताया है, तो कहीं पदासीन पार्टी को निष्कासित भी कर दिया। सादर सविनय कहने की ताकत को कहते हैं चुनावी कौशल। इसी का नाम है लोकतंत्र!

आने वाला साल 2023 कैसा हो? भयमुक्त हो। युद्धमुक्त हो। भ्रष्टाचार मुक्त हो। ढोंग, स्वांग और छल मुक्त हो। ऐसे बोल-बोली से मुक्त हो, जो बोल नहीं, कु-बोल है। गलत शब्द न हों, अपशब्द न हों। पक्ष और प्रतिपक्ष एक-दूसरे को दुश्मन न समझें। प्रेम से न सही, पर आदर और मर्यादा से एक-दूसरे को देखें। हिंदी सिनेमा के गीतों में कई बार बहुत बड़े ख्याल या विचार मिल जाते हैं, जैसे- घर न बुलाता, पर ये तो कहता, कुछ दूर तक संग चलो...

और हां, प्रार्थना कीजिए, 2023 वायरस मुक्त हो। यहां मेरा मतलब केवल कोरोना वायरस से नहीं है। सांप्रदायिकता का वायरस भी है, यह भी कहीं से कम जहरीला नहीं है, कम घातक, कम जानलेवा या कम कातिल नहीं है। और 2023 आतंक से भी मुक्त हो। आतंकवाद सांप्रदायिकता का पिता है, हिंद में हिंसा का पितामह है। हे भगवान, ऐ खुदा, 2023 में हमें आतंक से मुक्ति दे। 26/11 फिर कभी न हो। इस मोर्चे पर हमारी सरकार हर पल चौकस रहे। ये सब प्रार्थनाएं, आरजू, अरमान हैं, पर इनसे जुड़ी कुछ जिम्मेदारियां भी हैं, जो हम हिंद के आवाम पर, हम भारत के लोगों पर, वयं भारतस्य जना पर हैं। इनमें मुख्य हैं- उत्तेजना के आगे, उकसावों के सामने, उग्रता के मुंह पर अपना संयम बनाए रखना, समन्वय न खोना। याद रखना कि हिंसा हम करें, तो हो सकता है कि हम पर हिंसा न हो, लेकिन हम जैसों पर जरूर हो सकती है। यहां नहीं, तो और कहीं जरूर हो सकती है। अभी नहीं, तो कभी और हो सकती है। हर जगह हिंसा का अंत होना चाहिए, ऐसी भी गुंजाइश न रहे कि दूर कहीं हमारा कोई प्रिय या कोई इंसान हिंसा की भेंट चढ़े। हिंसा वह आग है, जो उन लोगों द्वारा भड़काई जाती है, जो कहीं और सुरक्षित बैठे रहते हैं, जो अपने किलों, गुफाओं में बैठे अपनी रोटियां सेंकते रहते हैं।

अंत में एक तमन्ना और निवेदन है, बेहिसाब खर्च हो रहे हैं स्मारकों, स्मृति-योजनाओं पर। खर्च हजारों करोड़ों रुपये में है। उन लोगों की मूर्तियां खड़ी हो रही हैं, जिनको मूर्तियों की न जरूरत है, न अभिलाषा। इस व्यय को वह कुछ और नाम देंगे, लेकिन हम इसे कह सकते हैं फिजूलखर्ची अथवा अपव्यय। दिल्ली के हनुमान मंदिर के पास गरीबी देखें या निजामुद्दीन पुल के पास देखें, गरीबी न हिंदू है न मुसलमान। स्मारकों पर हो रहा हजारों करोड़ रुपये का खर्च क्या बदनसीब गरीबों पर नहीं हो सकता? ईश्वर सबको सन्मति दें, और विशेषकर हमारी माननीय नव-निर्वाचित राष्ट्रपति को प्रेरणात्मक ऊर्जा दें, जिससे हम इस महान देश के नागरिक एक सुनहरे 2023 के लायक बनें।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

पेले ने कहा था, अपने भारत के बच्चों को भी तैयार करो

अनादि बरुआ, फुटबॉल कोच व पूर्व खिलाड़ी

वह शब्द मैं कभी भूल नहीं सकता। यह सन् 1995 की बात है। फीफा ने कोचिंग का एक डिप्लोमा कोर्स ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित किया था। यह वहां के स्थानीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने से जुड़ा कोर्स था, जिसमें भारत से भी हम 11 कोच शामिल हुए थे। वहां फ्लेमेंगो और बोटोफोगो जैसे क्लब के खिलाड़ी खेल रहे थे। ये ऐसे प्रतिष्ठित क्लब हैं, जिनके लड़के यूरोपीय टीमों के लिए खेलते रहे हैं। वहीं मैराकाना स्टेडियम में पेले को मैंने पहली बार आमने-सामने देखा। आगे बढ़कर मैंने उनका अभिवादन किया और बताया कि मैं भारत से आया हूं। मगर वह समझ नहीं सके। असल में, उनको पुर्तगाली ही आती थी, और अंग्रेजी में वह तंग थे। मेरी मुश्किल को देख वहां एक शख्स ने दुभाषिये की भूमिका निभाई, जिसके बाद यह बातचीत आगे बढ़ी। पहले तो उन्हें लगा कि मैं जापान से आया हूं, लेकिन जब मैंने अपना परिचय दिया और ब्राजील आने का कारण बताया, तो वह बेहद खुश हुए। उन्होंने कहा, भारत तो बहुत बड़ा देश है। वहां अच्छे खिलाड़ी भी हैं। आप लोग यहां फीफा के खिलाड़ियों की कोचिंग करा रहे हैं, तो अपने देश के बच्चों को भी इतना तैयार करो कि वे फीफा कप खेल सकें। इतने में कोई अन्य आ गया, और हमारी वह बातचीत अधूरी रह गई।

पेले ने यह बात जिस सहजता के साथ कही, वह मेरे दिल को छू गई। वह भारत से प्रेम करते थे। देखा जाए, तो भारतीय और जापानी ब्राजील के लोगों की पसंद रहे हैं। हम भारतीय भी पेले को काफी मानते हैं। 1977 में ही जब वह मोहन बागान के खिलाफ एक दोस्ताना मैच खेलने कोलकाता आए थे, तो ईडन गार्डन स्टेडियम के अंदर जितना 'पेले-पेले' के नाम का शोर था, बाहर उनके मुरीदों की संख्या शायद दोगुनी से भी अधिक थी। उनके साथ मेरी दूसरी मुलाकात 2015 में हुई, जब वह बतौर मुख्य अतिथि सुब्रतो कप में शामिल हुए थे। मैं बतौर चयनकर्ता वहां मौजूद था। वह जब मेरे बगल से गुजर रहे थे, तो मैंने जोर से 'ओब्रिगाडा' कहा। वह झटके से रुक गए। दरअसल, 'ओब्रिगाडा' पुर्तगाली शब्द है, जिसका अर्थ होता है, शुक्रिया। मैंने जब उनको बताया कि मैं रियो में उनसे मिल चुका हूं, तो वह काफी खुश हुए। पेले की एक खासियत यह भी थी कि वह काफी आत्मीयता से मिलते थे। शब्दों में कोई तीखापन नहीं। बिल्कुल 'डाउन टु अर्थ'। लगता, हम-आप जैसा कोई आम आदमी दिल खोलकर मिल रहा हो।

संभवत यही अदा उनको 'भगवान' जैसा बनाती है। उनकी कमी हमेशा खलेगी। वह एक ऐसे खिलाड़ी रहे हैं, जिनकी बातों को न स्थानीय फेडरेशन काट सका और न फीफा। मानो वह अभिभावक थे। एक पिता की तरह। ऐसे लोग अगर चले जाएं, तो किस तरह का खालीपन आता है, वह शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उनके लिए फीफा विश्व कप में एक सीट रिजर्व रखी जाती थी। खराब सेहत की वजह से वह इस बार कतर में शामिल नहीं हो सके। कई फुटबॉलप्रेमी मैच नहीं, उनको देखने के लिए स्टेडियम आया करते थे।

पेले बनना आसान नहीं है। इसमें काफी कुछ ब्राजील की खेल संस्कृति का भी हाथ है। ब्राजील और मेक्सिको की छवि बेशक ड्रग्स की वजह से अच्छी नहीं है, लेकिन यहां से कई अच्छे खिलाड़ी निकलते हैं, क्योंकि खेल उनके लिए जीवन-मरण से जुड़ा है। वहां दिन-रात फुटबॉल खेला जाता है। गुरबत से निकले बच्चे फुटबॉल में अपना भविष्य ढूंढ़ते हैं। यह उनको रोजगार देता है। इसीलिए वे इस पर बहुत मेहनत करते हैं। जंगलों में एकांत में अभ्यास करते हैं, ताकि उनका ध्यान खेल से न भटके। वे छोटे-छोटे पास देते हैं और एक-दूसरे का सहयोग करते हैं। मुझे याद है, 1995 में ही जब हमारा एक मैच वहां की राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के साथ हुआ, तो अपेक्षाकृत युवा होते हुए भी हम इसलिए हार गए, क्योंकि हम 'इंडिविजुअल' खेल रहे थे। हमारा खेल आज बेशक काफी सुधर गया है, लेकिन अब भी पेले के वे शब्द सच नहीं हो सके हैं। हमें अपने खेल को रोजगारोन्मुखी बनाना ही होगा, तभी हम फीफा कप में शामिल होने का सपना साकार कर सकेंगे। यह हमारी तरफ से सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

नेपाल की नई सरकार और भारत

डॉ. एन. के. सोमानी

कम्युनिस्ट पार्टी नेपाल-माओवादी सेंटर (सीपीएन-एमसी) के मुखिया पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड नेपाल के नये प्रधानमंत्री होंगे। रविवार को तेजी से बदले सियासी घटनाक्रम में उस वक्त नाटकीय मोड़ आ गया जब गठबंधन सरकार में शामिल प्रंचड पाला बदल कर ओली के खेमे में चले गए थे। दोनों नेताओं के बीच सरकार निर्माण के साथ-साथ प्रधानमंत्री पद के लिए प्रचंड के नाम की सहमति बनी। प्रचंड तीसरी बार नेपाल के पीएम बन रहे हैं। पहली बार 2008-09 और दूसरी बार 2016-17 तक नेपाल के पीएम रह चुके हैं।

नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा के लिए नवम्बर में चुनाव हुए थे। चुनाव नतीजों में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला। मौजूदा प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस को सबसे अधिक 80 सीटें मिलीं। ओली की पार्टी को 78 सीट और प्रचंड की पार्टी को महज 30 सीटें मिली हैं। इसके बावजूद वे नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में पहले ढाई साल के लिए पीएम बनना चाहते थे। दूसरी ओर, नेपाली कांगेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सरकार का नेतृत्व करने पर अड़ी हुई थी। उधर, राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी द्वारा प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए निर्धारित समय सीमा रविवार को शाम पांच बजे समाप्त हो रही थी। देउबा के साथ बातचीत विफल होने के बाद प्रचंड प्रधानमंत्री पद के समर्थन के लिए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनाइटेड मार्कसवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के निजी आवाज पर पहुंचे जहां दोनों नेताओं के बीच सरकार निर्माण के फार्मूले पर सहमति हुई।



सहमति की शर्त के मुताबिक सीपीएन-यूएमएल समेत छह पार्टियों के समर्थन से प्रचंड पहले ढाई साल के लिए नेपाल की कमान संभालेंगे और अगले ढाई साल के लिए सीपीएन-यूएमएल के नेता केपी शर्मा ओली नेपाल के पीएम होंगे। प्रचंड के ओली के गठबंधन में शामिल होने के बाद नेपाल की तीनों प्रमुख कम्युनिस्ट पार्टियों के नेता प्रचंड, ओली और माधव कुमार नेपाल एक खेमे में आ गए हैं। प्रचंड और ओली, दोनों भारत विरोधी माने जाते हैं। ऐसे में सवाल है कि आने वाले दिनों में भारत-नेपाल संबंध किस दिशा में आगे बढ़ेंगे। यह सवाल इसलिए वाजिब लग रहा है क्योंकि अपने प्रचार अभियान के दौरान ओली कह चुके हैं कि अगर वे सत्ता में आते हैं, तो भारत के क्षेत्र कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को वापस लेकर आएंगे। ये क्षेत्र सदियों से भारत के पास हैं। अब प्रचंड के साथ ओली सत्ता में हैं, तो निश्चित ही चुनावी वादा पूरा करने के लिए भारत के साथ तनाव को हवा देंगे। दूसरा, ओली की चीन परस्ती पहले से ही जग जाहिर है। हालांकि, नेपाली कांग्रेस के साथ काम करते हुए प्रचंड के भारत विरोध रुख में बदलाव आया है। फिर भी सवाल तो परेशान करता ही है कि अगर प्रचंड का चीन प्रेम जाग उठा तो भारत, नेपाल के रास्ते आने वाली रणनीतिक चुनौतियों से कैसे निबट सकेगा।

नवम्बर, 2019 में जब नेपाल में ओली की सरकार थी, उस वक्त कालापानी इलाके पर नेपाल ने दो टूक कह दिया था कि भारत को इस क्षेत्र से अपनी सेना हटा लेनी चाहिए। उस वक्त भी सवाल उठा था कि ओली की आक्रामक भाषा के पीछे कहीं चीनी मनसूबे तो काम नहीं कर रहे। हालांकि, 2014 में नरेन्द्र मोदी की नेपाल यात्रा के दौरान तत्कालीन नेपाली प्रधानमंत्री कोइराला ने कालापानी का मुद्दा उठाया था और कालापानी पर नेपाल का अधिकार बताते हुए इसे हल करने की अपील की थी। 1996 में कालापानी इलाके के संयुक्त विकास के लिए महाकाली संधि के तुंरत बाद नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियों ने कालापानी पर दावा करना शुरू कर दिया। उधर, चीन लंबे समय से इस इलाके पर कब्जा करने की कोशिश करता रहा है। चीन की शह पर ही नेपाल में जब-तब कालापानी को लेकर प्रदर्शन होते रहे हैं। यह वही जगह है जहां भारत 1962 के युद्ध में चीन के समक्ष मजबूती से डटा हुआ था। भारत को डर है कि अगर कालापानी नेपाल के अधिकार क्षेत्र में चला गया तो चीन वहां अपने पांव जमा लेगा। भारत की घेराबंदी में जुटे चीन की भी यही मंशा है।

चीन की महत्त्वाकांक्षी परियोजना वन बेल्ट वन रोड में सहयोगी होने और व्यापारिक हितों के कारण नेपाल का झुकाव भारत से कहीं अधिक चीन की ओर है। नवम्बर, 2019 में पीएम मोदी ने काठमांडू में हुए बिम्सटेक देशों के सामने सैन्य अभ्यास का प्रस्ताव रखा तो ऐन वक्त पर चीन के दबाव में नेपाल ने सैन्य अभ्यास में शामिल होने से इंकार कर दिया जबकि बाद में उसने चीन के साथ सैन्य अभ्यास में भाग लिया था। भारत और नेपाल के बीच भारतीय सेना की गोरखा बटालियन में गोरखा सैनिकों की भर्ती के मुद्दे पर भी तनातनी की स्थिति बनी हुई है। नेपाल नाराज है कि भारत सरकार ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को लेकर उससे चर्चा तक नहीं की। नेपाली विदेश मंत्री नारायण खड़के नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव से मिलकर इस योजना के तहत नेपाली युवकों की भर्ती की योजना को स्थगित करने की मांग कर चुके हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals

Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी

JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM

मानव सेवा एवं गौ सेवा कार्य को 6 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 2 दिवस मानव सेवा एवं गौ सेवा का कार्य करेंगे

6 वर्षों से जरूरतमंदों की हमदर्द एवं विकलांग जनों का सहारा बनी जन समर्पण सेवा संस्था

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। भूखे को भोजन करवाना सबसे बड़ा मानव धर्म है। इस धर्म को इंगित करते हुए कस्बे की सामाजिक संस्था "जन समर्पण सेवा संस्था'...की ओर से शुरू की गई भोजन सेवा एवं गौ सेवा आज पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बन गई है।

कोई भूखा ना सोए इस अनुकरणीय पहल के साथ 1 जनवरी 2017 को जब पूरा शहर नये वर्ष की पार्टी बना रहा था तब इस संस्था के युवा शहर में घूम घूमकर गरीबों को निशुल्क भोजन वितरण कर रहे थे, 1 जनवरी 2017 से आज तक बिना किसी दिन नागा के प्रतिदिन दुर्ग रेल्वे स्टेशन एवं शहर के विभिन्न स्थानों में करीब 100-150 जरूरतमंद गरीब, असहाय, विकलांग जनों को भोजन कराते हैं। इस कार्य में संस्था के युवा साथियों के साथ अन्य स्वयंसेवक, धार्मिक एवं सामाजिक संस्था भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं, संस्था के इस नेकी कार्य में शहर एवं प्रदेश के दानदाता भी सहयोग देकर इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभा रहे हैं।

संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि इस सेवा कार्य को शुरू किए 6 साल पूर्ण होने जा रहे है।

जिसमें प्रतिदिन दुर्ग रेल्वे स्टेशन में एक साथ सभी गरीब, असहाय, विकलांग जनों को भोजन कराया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन भोजन के लिए आने वाले जरूरतमंद जब यहां पर भोजन कर जाते हैं तो दुआएं व आशीर्वाद दिए बिना भी नहीं रहते। ये दुआएं व आशीर्वाद यहां सेवा दे रहे लोगों में ऊर्जा भर देता हैं।

आमजन की बढ़ रही है भागीदारी

संस्था के अध्यक्ष बंटी शर्मा ने बताया कि इस सेवा कार्य परियोजना में आमजन की भागीदारी निरंतर बढ़ती जा रही है। योजना शुरू करने के बाद से दानदाताओं का सहयोग निरंतर मिल रहा है। संस्था के सदस्यों ने इस भोजन सेवा में सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं का आभार जताते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ की पावन दुर्ग शहर में कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोए इसी उद्देश्य के साथ इस सेवा की शुरुआत की गई है, जिसके लिए निरन्तर प्रयास किया जा रहा है.. प्रतिदिन संस्था के सदस्य एवं शहर के विभिन्न सामाजिक गण संस्था के सदस्यों के साथ मिलकर संस्था की थीम के अनुसार अपने सुअवसरों को सामाजिक सरोकार से जोड़ने की कोशिश लगातार कर रहे है..।

खुशी के पल बांटते है यहां:

लोग अपने खुशी के पल जैसे जन्मदिन, शादी की साल गिरह सहित विभिन्न अवसरों पर यहां गरीबों को भोजन के माध्यम से अपनी खुशी बांटते हैं। इस सेवा के शुरू होने के बाद से रोजाना यहां लोग जरूरतमंद के बीच आकर उन्हें भोजन कराकर अपने खुशियों को दोगुना करते हैं, जरूरमंदों को भोजन कराने से जो आत्मिक सुख की अनुभूति होती है वह और कही नही मिलती।

मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ शासन के नववर्ष के कैलेण्डर का किया विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में कैबिनेट बैठक के पश्चात छत्तीसगढ़ शासन के नववर्ष के कैलेण्डर का विमोचन किया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रकाशित नववर्ष के कैलेण्डर में छत्तीसगढिया संस्कृति की इंद्रधनुषीय छटा बिखेरती तस्वीरें इसे बेहद मनमोहक और नयनाभिराम स्वरूप प्रदान कर रही है। नववर्ष कैलेण्डर के माध्यम से राज्य की कला, संस्कृति, खान-पान, तीज त्यौहार, खेलकूद, धार्मिक महत्व के स्थलों के संरक्षण, संवर्धन और विकास की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गढ़े गए नये प्रतिमान को प्रदर्शित किया गया है। कैलेण्डर के विमोचन अवसर पर मंत्रिपरिषद के सदस्यगण, मुख्य सचिव सहित सभी विभागों के सचिवगण उपस्थित थे। छत्तीसगढ़िया जगार के थीम पर प्रकाशित कैलेण्डर के प्रत्येक पृष्ठ में छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान और सम्मान को स्थापित करतीं प्रतीत होती है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ शासन के वर्ष 2023 के कैलेण्डर का विमोचन करते हुए सभी को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं एक आम छत्तीसगढ़िया हूं। मैंन वो सब कुछ किया है, जो एक आम छत्तीसगढ़िया ग्रामीण अपने दैनिक जीवन में करता है। मेरी जीवन शैली किसी आम इंसान की तरह ही रही है और अब भी वही आम इंसान मेरे भीतर है। मेरे आचार-विचार और व्यवहार में छत्तीसगढ़ियापन हमेशा से रहा है और रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति बहुत प्राचीन और समृद्ध है। संस्कृति से ही हम लोगों की पहचान बनती है। संस्कृति एक दिन में नहीं बनती है, वो सैकड़ों वर्षों से परिष्कृत होकर इस रूप में पहुंचती है, वही हमारी पहचान है, उस पर हमें गर्व करना चाहिए। छत्तीसगढ़ शासन का नववर्ष का कैलेण्डर वास्तव में हमारी सांस्कृतिक विरासत का दस्तावेज है। इस कैलेण्डर के कव्हर पेज पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की एक ठेठ छत्तीसगढ़िया किसान के रूप में नागर चलाते खूबसूरत तस्वीर प्रकाशित की गई है।

खास खबर

आचार्य रतनमनि महाराज का देवलोक गमन

दुर्ग। जैन धर्म के भव्य आत्मन आचार्य रतन मुनि महाराज का देवलोक गमन हो गया है।

इनके देवलोक गमन पर सकल जैन समाज भिलाई, जैन मिलन, जैन ट्रस्ट, महावीर सेवा समिति, मानव सेवा परिसर सेक्टर 9 और श्री कृष्ण गौशाला जीव रक्षा केंद्र की ओर से अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जैन समाज के अनमोल धरोहर के देवलोक गमन पर सकल जैन समाज में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। इनकी बैकुंठी यात्रा दोपहर 1 बजे जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग से निकली गई। इनका दाह संस्कार मंगल साधना केंद्र मंगलम में हुआ।

दर्रीपारा में वन मितान जागृति कार्यक्रम हुआ आयोजन

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वन मितान जागृति वन पर्यावरण एवं वानिकी गतिविधियों का परिचय सह जागरूकता कार्यक्रम नवागढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम दर्रीपारा में आयोजित किया गया। स्कूली छात्र छात्राओं,वन कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने रैली निकाल कर नारे लगाते हुए पूरे गांव को भ्रम किया।इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि उपमंडला अधिकारी मनोज चंद्राकर,अध्यक्षता ग्राम पंचायत दर्रीपारा सरपंच सुनीता नेताम,विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य खिलेश्वरी आयाम,हायर सेकंडरी स्कूल प्रभारी प्राचार्य महेश कुमार पटेल थे।सर्वप्रथम मुख्यातिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप, गुलाल,अगरबत्ती जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा वनों की महत्त्व लाभ और वन्य प्राणी संरक्षण के विषय,वन विनाश से होने वाली समस्या आदि के बारे में बताया।

बाबा के दिखाये मार्ग में है मानव समाज का कल्याणः भूपेश बघेल

गुरू बालक दास सेवा समिति के नाम भूमि आवंटन की प्रक्रिया जल्द पूरा करने किया आश्वस्त

नवागढ़ में जैतखाम और भवन निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये देने की घोषणा

राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा द्वारा दिए गये महान संदेश मनखे-मनखे एक समान की भावना के साथ छत्तीसगढ़ राज्य विकास, सद्भावना, शांति और प्रेम के मार्ग पर चलकर विकास के नये आयाम गढ़ रहा है। बाबा के दिखाये मार्ग पर चलकर मानवता का कल्याण किया जा रहा है। हम सभी ईश्वर के संतान है, सत्य ही ईश्वर है और ईश्वर ही सत्य है। सत्य से बाहर कुछ भी नहीं है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल आज बेमेतरा जिले अंतर्गत विकासखण्ड मुख्यालय नवागढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय गुरु घासीदास बाबा लोक महोत्सव एवं जयंती समरोह 2022 के समापन के अवसर पर विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। संसदीय सचिव एवं विधायक नवागढ़ गुरुदायाल सिंह बंजारे ने समाज की ओर से मुख्यमंत्री को साफा पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बाबा गुरू घासीदास की पूजा-आरती कर राज्य की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर सतनाम समाज के आग्रह पर गुरू बालक दास सेवा समिति के नाम पर शासकीय जमीन विधि प्रक्रिया के तहत देने के लिए कलेक्टर को निर्देशित किया। साथ ही नवागढ़ में जैतखाम और भवन निर्माण के लिए एक करोड़ रूपए देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास के संदेश और उसके मार्ग में चलकर सतनामी समाज विकास की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज बाबा के संदेश से ना केवल शिक्षित हुआ है अपितु जागरूक और अग्रणी होकर अपने समाज के साथ ही छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा हैं। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज के युवा, बाबा के आशीर्वाद और संदेश से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ रहे हैं और छत्तीसगढ़ के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने जो संदेश दिया है वह एक व्यक्ति, एक समाज, एक प्रदेश व एक देश के लिए नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के लिए आज भी प्रासंगिक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास द्वारा दिए संदेश के एक शब्द और एक लाइन को भी हम अपने जीवन में आत्मसात कर लें तो अपना पूरा जीवन सार्थक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने अपना संदेश बहुत ही सीधे और सरल तरीके से समाज को दिए हैं। उन्होंने जो संदेश दिया है, वह पूरे मानव समाज के लिए अविस्मरणीय रहेगा। गुरू घासीदास ने कहा है कि सतनाम ही सार है, इसे प्रत्येक प्राणी के घट-घट में सत्य के प्रति तत्पर रहने को प्रेरित करता हैं। इसी तरह गुरू घासीदास का संदेश सत्य ही मानव का आभूषण है, हमें सत्य मार्ग और सत्य गुणों को अपना कर सदैव जीवन में इसे आत्मसात करने को प्रेरित करता हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर शासकीय हाईस्कूल मैदान नवागढ़ में चल रहे राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य विजेताओ को राशि और ट्रॉफी प्रदान किया। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले सतसंग बालिका पंथी पार्टी निकुंम दुर्ग को एक लाख 51 हजार रुपए और ट्रॉफी दिया गया। इसी तरह दूसरे स्थान पर आदर्श पंथी पार्टी देवरी मुंगेली को एक लाख दस हजार रुपए एवं ट्रॉफी और तीसरे स्थान पर रहे सत्य के प्रचार पंथी नवयुवक पिटौरा (नंदनी अहिवारा) को 75 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई।

गोंडी भाषा मे दी गयी स्वास्थ्य सम्बन्धी शिक्षा

चांदामेटा स्वास्थ्य शिविर में व्यक्तिगत स्वच्छता की दी गयी जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

जगदलपुर। जिले के दूर दराज और संवेदनशील इलाकों के जरूरतमंद लोगों को बीमारियों से बचाने एवं उपयुक्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कोलेंग के निकट , छिंदगुर प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले चांदामेटा ग्राम में जिला कलेक्टर चन्दन कुमार के निर्देशन में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शून्य से 5 वर्ष के 22, 6 वर्ष से 14 वर्ष के 11, एवं 15 वर्ष से अधिक उम्र के 20 लाभार्थियों की विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य जांच की गयी। और आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण भी किया गया।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान ग्रामीणों को बीमारियों की जांच और इलाज की सुविधा मिलने पर कलेक्टर चन्दन कुमार ने कहा: जिले के अंतिम लाभार्थी तक पहुँचने हेतु ज़िला प्रशासन प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से एक ही जगह पर स्वास्थ्य समस्याओं की जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीज़ों का उपचार, स्वास्थ्य क्षेत्र में जिले की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस बारे में सीएमएचओ डॉक्टर आर.के.चतुर्वेदी ने बताया: जिले में मलेरिया, कुपोषण, रक्त की कमी, सर्दी खांसी जैसे संचारी-गैर संचारी बीमारियों पर नियंत्रण एवं रोकथाम के लिये स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दूरस्थ इलाके में स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। दरभा विकासखंड के अंतर्गत पहाड़ी इलाके में रहने वाले चांदामेटा के कुल सात पारा के ग्रामीण जनों, जिनकी संख्या लगभग 290 है उनके लिये आयोजित शिविर में मलेरिया जाँच, हीमोग्लोबिन, आर.बी.एस. जाँच, उच्च रक्तचाप, शुगर, सर्दी खांसी,के मरीजों की पहचान की गई। अंदरूनी इलाके में स्वास्थ्य शिविर का लाभ मिलने से ग्रामीण खुश हुए हैं। चांदामेटा में 53 ग्रामीणजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया तथा उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

प्रदेश के सभी जिलों में होगा फोर्टिफाइड चावल का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण और एनीमिया की स्थिति को दूर करने के मद्देनजर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में हुई आज राज्य मंत्री परिषद् की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब प्रदेश के सभी जिलों में फोर्टिफइड चावल का वितरण होगा।

फोर्टिफइड चावल उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन कार्डधारियों को अप्रैल 2023 से वितरण किया जाएगा। प्राथमिकता, अन्त्योदय, एकल निराश्रित, नि:शक्जन, श्रेणी के राशनकार्डधारियों को वर्तमान में दिए जा रहे सामान्य चावल के स्थान पर फोर्टिफइड चावल मिलेगा। गौरतलब है कि सार्वभौम पीडीएस के तहत खाद्यान्न सुरक्षा के साथ-साथ पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा एनीमिया एवं अन्य पोषक तत्वों की कमी को दूर करने नवम्बर 2020 से कोण्डागांव जिले में फोर्टिफइड चावल वितरण प्रारंभ किया गया है। आहार योजना में प्रदेश के सभी जिलों में फोर्टिफइड चावल का वितरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य के 10 आकांक्षी जिले (कोरबा, राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाडा, बीजोपुर, बस्तर, कोण्डागांव, सुकमा) तथा 02 हाई बर्डन जिले (कबीरधाम एवं रायगढ़) में फोटिफइड चावल का भी वितरण किया जा रहा है।

दुर्ग में महिला कबड्डी प्रतियोगिता 8 जनवरी को

दुर्ग। कृष्णा भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट द्वारा प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 8 जनवरी को सिकोलाभाठा प्राथमिक शाला प्रांगण में किया गया है। यह प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से शुरू होगी। प्रतियोगिता में करीब 50 से अधिक महिला टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर खेलप्रेमियों में उत्साह का माहौल है। इसके पोस्टर का विमोचन गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की सचिव करुणा यादव, कोषाध्यक्ष वर्षा ऋतु यादव,युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव, प्रदेश सचिव चंद्रहास यादव, बालक भूतिवर्धन यादव मौजूद थे।

खास खबर...

पीएमएजेएवाय के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 9 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

रायपुर। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 9 जनवरी 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया हैं। जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों का चयन कर कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षण सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रायपुर में दिया जाएगा। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित रायपुर के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि मशीन ऑपरेटर असिस्टेंट- प्लास्टिक प्रोसेसिंग ट्रेड के लिए योग्यता आठवीं पास एवं मशीन ऑपरेटर-सीएनसी लेथ ट्रेड के लिए योग्यता दसवीं पास है। उन्होंने बताया कि रायपुर जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के 10 आवेदकों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। सभी पात्र आवेदक कार्यालयीन समय में निर्धारित तिथि तक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित रायपुर के कार्यालय कक्ष क्रमांक 34 में आवेदन पत्र प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं।

कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत विशेष केन्द्रीय सहायता अनुसूचित जाति उपयोजना का समावेश है। उन्होंने बताया कि लक्षित वर्ग के बेरोजगार युवाओं को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, नई दिल्ली द्वारा चयनित एवं सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुशंसित प्रशिक्षण प्रदाय संस्था जैसे सिपेट, रायपुर से 3 माह का प्रशिक्षण प्रदान कर शत-प्रतिशत रोजगार में नियोजित कराया जाना है। सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रो कैमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, रायपुर, सिपेट, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार का उपक्रम है।

आठ सिंचाई योजनाओं के लिए 18.49 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के आठ विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 18 करोड़ 49 लाख 57 हजार रुपए स्वीकृत किए है। योजना के पूरा होने से 847 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। कोरबा जिले के विकासखण्ड-पाली के झांझ एनीकट कार्य के लिए 3 करोड़ 16 लाख 40 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 155 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-पाली के सिरली एनीकट कार्य के लिए 02 करोड़ 63 लाख 25 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 105 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड- पाली के सैली जलाशय की मुख्य नहर की पक्के संरचनाओं का जीर्णोद्धार कार्य के लिए 01 करोड़ 81 लाख 61 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 405 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-कटघोरा के झोंकानाला जलाष्य के स्लूस जीर्णोद्धार कार्य के लिए 62 लाख 03 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 182 हेक्टयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। कोरबा जिले के मिनीमाता बांगो परियोजना के बांगो बांध के अपस्ट्रीम में कांक्रीट कार्य के लिए 03 करोड़ 50 लाख 58 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। कोरबा जिले के हसदेव बांगो परियोजना के हसदेव बैराज गेट दर्री के सभी गेट स्टाप लाग एवं संबंधित रेग्यूलेटर गेटों तथा उसके हॉस्टीग एरेंजमेंट के मरम्मत एवं पेटिंग कार्य के लिए 03 करोड़ 07 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है।

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा आयोजित मुख्य एवं अवसर परीक्षा वर्ष 2023 में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात् 1 जनवरी से 15 जनवरी 2023 तक राशि 500 रूपये विलम्ब शुल्क के साथ छात्र / छात्राऐं परीक्षा आवेदन फार्म जमा कर सकते है। राज्य ओपन स्कूल के सचिव ने बताया कि छात्र प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने समीपस्थ अध्ययन केन्द्र में संपर्क कर सकते है। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर की वेबसाईट से डाऊनलोड कर सकते है।

स्वदेशी मेले में दिखती है भारत की समृद्ध परंपरा की झलक, स्वदेशी वस्तुओं का करें उपयोगः राज्यपाल

राज्यपाल सुश्री उइके स्वदेशी मेले के समापन समारोह में हुईं शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके गत दिवस साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर में स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की ईकाई भारतीय विपणन विकास केन्द्र द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले के समापन कार्यक्रम में शामिल हुई। इस मौके पर राज्यपाल सुश्री उइके ने स्वदेशी मेले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। साथ ही राज्यपाल ने पेंटिंग प्रदर्शनी का अवलोकन कर चित्रकारों की प्रशंसा की। चित्रकारों ने राज्यपाल को उनका स्केच भेंट किया। स्वदेशी मेला के आयोजकों द्वारा राज्यपाल को स्मृति चिन्ह तथा स्वदेशी उत्पादों की टोकरी भेंट की गई।

राज्यपाल सुश्री उइके ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए 20 वर्षों से स्वदेशी मेले के सफल आयोजन के लिए मेला प्रबंधन को शुभकामनाएं दी और विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों से कहा कि वे दूत बनकर स्वदेशी मेला का प्रचार प्रसार करें तथा स्वदेशी उत्पाद के उपयोग के लिए लोगों को जागरूक करें। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि छत्तीसगढ़वासियों की रूचि और सक्रियता ने भी मेले को विशेष पहचान दिलाई है और लोग वर्षभर मेले का इंतज़ार करते हैं तथा जमकर पसंदीदा देशी वस्तुओं की खरीदी करते हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के संदेश के साथ ही देशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए हो रहे प्रयासों का भी जिक्र किया। राज्यपाल ने कहा कि स्वदेशी मेले के माध्यम से वोकल फ़ॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को विस्तार मिला है। इस दौरान राज्यपाल ने दत्तोपंत ठेंगढ़ी को भी नमन किया और स्वदेशी की संकल्पना में उनके योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी मेला जहां एक ओर लोगों का भारत के स्थानीय उत्पादों से परिचय कराता है, वहीं लघु व मध्यम उद्योगों को अवसर प्रदान करने का भी काम करता है।

स्वदेशी मेले जैसा शायद ही कोई मंच है, जो लोक उत्पाद को इतना बड़ा बाजार उपलब्ध कराता है। समेकित रूप से इन आयोजनों में भारत की समृद्ध परंपरा की झलक देखने को मिलती है। राज्यपाल ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित हुए स्वदेशी मेलों की सराहना की और इसे भारतीय उद्योगों के लिए लाभकारी बताया। राज्यपाल सुश्री उइके ने स्वदेशी मेले के ऐतिहासिक पक्ष का उल्लेख करते हुए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी आंदोलन के उद्भव और इसके प्रभाव का उल्लेख किया।

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले लघु वनोपजों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह वनांचल में रहने वाले लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन है और पिछले कुछ वर्षों में बदलती जीवन शैली ने वन तथा जैविक उत्पादों की ओर लोगों का रुझान बढ़ाया है। लोग प्राकृतिक उत्पादों का उपयोग कर रहे हैं और प्रदेश के सरगुजा तथा बस्तर अंचल में स्व सहायता समूह की महिलाएं वनउत्पादों से आर्थिक तरक्की के रास्ते में आगे बढ़ रही है। उन्होंने आयोजकों से प्रदेश के अन्य स्थलों में भी मेला आयोजन करने का आग्रह किया ताकि ग्रामीणों और छोटे उद्यमियों व स्व सहायता समूह की महिलाओं को भी अपने उत्पाद बेचने के पर्याप्त अवसर मिल पाए।

छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने भी समापन समारोह को संबोधित किया और स्वदेशी उत्पादों की विशेषता और मेले के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि सात दिवसीय स्वदेशी मेले में 15 से 16 प्रांतों से आए व्यवसायियों ने 250 स्टॉल लगाए। मेले में थर्माकोल से बना भगवान जगन्नाथ का मंदिर तथा कोणार्क के सूर्य मंदिर का चक्र आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। मेले में व्यंजन, मेहंदी, केश सज्जा, चित्रकला, शिशु वेशभूषा, समूह नृत्य और रंगोली जैसी बहुआयामी प्रतियोगिताओं में लोगों ने उत्साह के साथ भागीदारी दी।

प्रदेश में 18.94 लाख किसानों से 78.55 लाख टन धान की खरीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का महाभियान निरंतर जारी है। यह अभियान 31 जनवरी 2023 तक चलेगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर किसानों से अब तक 78.55 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी के एवज में राज्य के 18.94 लाख किसानों को लगभग 16,217 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है।

मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 62 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 51.69 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि 30 दिसम्बर को 28 हजार 644 किसानों से 1.17लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से लगभग 16 हजार टन धान की भी खरीदी हुई हैं। आगामी दिवस की धान खरीदी के लिए 54 हजार टोकन तथा टोकन तुंहर हाथ एप के जरिये लगभग 9 हजार 606 टोकन ऑनलाइन जारी किए गए हैं।

गौरतलब है कि इस साल राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.26 लाख नये किसान शामिल हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2600 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। इसी तरह राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है।

नगरीय प्रशासन मंत्री आरंग क्षेत्र में विविध कार्यक्रमों में हुए शामिल, विकास कार्यो की दी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र के कोटनी ग्राम में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने जैतखाम में पालो चढ़ाकर बाबा गुरु घासीदास के छाया चित्र की पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। डॉ. डहरिया ने कोटनी में 04 लाख 33 हजार रुपये की लागत से बनने वाले सी.सी. रोड़ निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर डॉ. डहरिया ने बताया कि कोटनी ग्राम विकास के लिए करीब तीन करोड़ के जरूरी विकास कार्य कराये गये हैं। डॉ. डहरिया कोटनी से ग्राम सेमरिया पहुंचे और वहां रामलाल बंजारे के निधन हो जाने पर स्वर्गीय बंजारे के शोककुल परिवार से मिलकर शोक व्यक्त किया। कार्यक्रमों में जनपद अध्यक्ष आरंग खिलेश्वर देवांगन, जिला पंचायत सदस्य माखन कुर्रे, जनपद सदस्य देवराम जांगडे, सरपंच राजेश सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

दो लाख वैक्सीन वापस लेगी कंपनी, बढ़ेगी वैक्सीनेशन की डिमांड, नेजल वैक्सीन के लिए जारी होगी गाइडलाइन



रायपुर (ए)। कोविड वैक्सीनेशन का काम राज्यभर में अब सुस्त चल रहा है। हालात ऐसे हैं कि दो लाख से ज्यादा कोवैक्सीन प्रदेश में डंप पड़ी हुई है, जो कि आज एक्सपायर हो जाएगी। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन वैक्सीनों को दूसरे राज्यों में देने के लिए पत्र भेजा था, लेकिन इस पर केंद्र से कोई पत्राचार नहीं होने की स्थिति में यह वैक्सीन अब भी डंप पड़ी हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार दो लाख वैक्सीन को कंपनी वापस लेगी। जबकि प्रदेश में वैक्सीनेशन में तेजी लाने के लिए सभी जिलों से डिमांड मंगवाई गई है। जिसके लिए 31 दिसंबर अंतिम तिथि तय की गई है। ऐसे में सभी जिलों से डिमांड आने के बाद इसे केंद्र को भेजा जाएगा और इसके बाद वहां से अप्रूवल सहित सप्लाई में लगभग सात दिन का समय लग सकता है। ऐसे में सात दिन बाद वापस से वैक्सीनेशन की रफ्तार बढ़ने की संभावना है।

नजदीकी टीकाकरण केंद्र में करवाएं पंजीयन

वर्तमान में वैक्सीनों की संख्या काफी कम है। वहीं, कई टीकाकरण केंद्रों में तो ताला ही लटक रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के अनुसार जिन्हें बूस्टर डोज या फिर दूसरा डोज नहीं लगा है, ऐसे लोग केंद्रों में जाकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं, जिसके आधार पर वैक्सीन मंगवाई जाएगी और इसके बाद सप्लाई की जाएगी।

नेजल वैक्सीन के लिए गाइडलाइन जल्द

इसके अलावा नेजल वैक्सीन को भी केंद्र सरकार ने अनुमति दे दी है। जबकि इसकी गाइडलाइन अब तक नहीं जारी की गई है। इसकी गाइडलाइन जारी होने के बाद आगे की प्रक्रिया करने का दावा किया जा रहा है।

''कोवैक्सीन दूसरे राज्यों को देने के लिए केंद्र को पत्र लिखा गया था। अब इसे कंपनी वापस ले जाएगी। जबकि आज शाम तक सभी जिलों से डिमांड आएगी। उसी आधार पर वैक्सीन के लिए ईमेल केंद्र सरकार को किया जाएगा। इसके बाद चार से पांच दिनों के भीतर इसकी सप्लाई की जाएगी।''

-डॉ. सुभाष मिश्रा, नोडल ऑफिसर, राज्य महामारी नियंत्रक, छग

निगम ने जब्त किया 30 बोरी पानी पाउच, लगाया जुर्माना

रायपुर (ए)। रायपुर निगम जोन 9 के पण्डित मोतीलाल नेहरू वार्ड नम्बर 8 के तहत कचना क्षेत्र में शराब भट्टी के पास के क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान एक निजी वाहन में लगभग 30 बोरियां प्लास्टिक पानी पाउच से भरी हुई मिलीं एवं पानी पाउच की गन्दगी शराब भट्टी के पास फैलाये जाने से सम्बंधित जनशिकायत पूरी तरह से सही मिली। इस पर निजी वाहन सहित उसमें भरी हुई प्लास्टिक पानी पाउच की लगभग 30 बोरियां स्थल पर जोन 9 जोन कमिश्नर के निर्देश पर सहायक अभियंता ने जप्त करने एवं सम्बंधित व्यक्ति संतोष श्रीवास्तव पर तत्काल 5000 रूपये का जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई अपर आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, जोन 9 जोन कमिश्नर महेंद्र पाठक के निर्देशानुसार जोन नगर निवेश विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सहायक अभियन्ता प्रवीण साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी ए. हाजरी, उप अभियन्ता कुन्दन साहू, श्रमिकों, स्वच्छता दीदियों की।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दांतों की झनझनाहट बनती हैं बड़ी परेशानी, इन उपायों से मिलेगी आपको राहत

सर्दियों का मौसम जारी हैं जहां शरीर को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। इन्हीं परेशानियों में से एक हैं दांतों की झनझनाहट जो कुछ ठंडा या गर्म खाने पर इन दिनों में बढ़ जाती हैं। इसे टूथ सेंसिटिविटी या डेंटिन हाइपरसेंसिटिविटी कहा जाता है। यह झनझनाहट सीधे आपके नर्वस सिस्टम को हिट करती है जिससे आपको दांतों में दर्द महसूस होता है। दांतों की सेंसटिविटी एक बहुत ही आम समस्या है जो किसी भी उम्र के लोगों को हो सकती हैं। इससे आपको कुछ भी खाने में तकलीफ होती हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे उपायों की जानकारी लेकर आए हैं जिनकी मदद से दांतों की झनझनाहट को दूर किया जा सकता हैं। आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में...

लौंग का तेल

लौंग में पाए जाने वाले तत्व सूजन को कम करते हैं। कीटाणुओं को खत्म कर सकते हैं। ऐसे में दांत दर्द की समस्या होने पर लौंग का तेल इस्तेमाल कर सकते हैं। दांतों में जहां दर्द हो रहा हो या मसूड़ों में सूजन हो, वहां लौंग का तेल लगा लें। इससे आपको जल्द आराम मिल सकता है।

ऑयल पुलिंग

यह एक आयुर्वेद तकनीक है जो दांतों की संवेदनशीलता को ठीक करने में मदद करती है। इसके लिए आप तिल और नारियल का तेल ट्राय कर सकती हैं। थोड़ा ऑयल मुंह में रखें और कुछ मिनट के लिए रहने दें। फिर इसे निकाल दें।

लहसुन

दांतो की झनझनाहट से राहत पाने के लिए लहसुन को काटकर सीधे अपने दांत के इफेक्टेड एरिया पर लगाया जा सकता है। लहसुन में एलिसिन होता है जो बैक्टीरिया को कम करता है और दर्द को शांत करता है। अगर आप पेस्ट खुद बनाना पसंद करते हैं, तो आप लहसुन की एक कली को पानी की कुछ बूंदे और आधा चम्मच नमक के साथ मिला सकते हैं। इससे दांतो की झनझनाहट और दर्द से पूरी तरह आराम मिल सकता है।

हल्दी

दांतों की संवेदनशीलता और दर्द को कम करने के लिए, आप प्रभावित हिस्से में हल्दी की मालिश कर सकते हैं। इसके अलावा, आधा चम्मच हल्दी लें, इसमें नमक और सरसों का तेल मिलाएं। इसे एक साथ मिलाकर पेस्ट बनाए। इस पेस्ट को दिन में दो बार दांतों पर लगाएं।

शहद

शहद में भरपूर मात्रा में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो दांतों के दर्द, सूजन को भी कम करने में मदद करता है। इसके लिए एक कप गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद डालकर रोजाना इससे कुल्ला करें।

नमक के पानी से कुल्ला

नमक के पानी से रोज दो बार कुल्ला करने से दांतों की झनझनाहट और दर्द से निजात मिल जाती है। नमक एक नेचुरल एंटीसेप्टिक है जिससे सूजन कम हो जाता है। आप एक कप गर्म पानी में नमक मिलाएं और उसी पानी से कुल्ला करें।

प्याज

प्याज कई बीमारियों का रामबाण इलाज है। प्याज में एंटीमाइक्रोबियल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज भरपूर मात्रा में मिलता है, जो दर्द में आराम दे सकता है। दांत की बीमारी से राहत पाने के लिए प्याज को टुकड़े में काट लें और दांतों में जहां झनझनाहट हो रही है, वहां पांच मिनट के लिए रख लें।

कोल्ड कम्प्रेस

दांतों के दर्द और टीथ सेंसिटिविटी से तुरंत और टेम्परेरी रिलीफ पाने के लिए कोल्ड कंप्रेस आजमाया हुआ और परखा हुआ तरीका है। कोल्ड पैक का इस्तेमाल करके आप सूजन को कम कर सकते हैं, साथ ही दर्द को कम करने में भी कोल्ड कंप्रेस फायदेमंद है।



फिल्म 'अपूर्वा' की शूटिंग हुई पूरी, निडर और साहसी महिला के किरदार में नजर आएंगी तारा सुतारिया

तारा सुतारिया उन कलाकारों में से हैं, जिन्होंने बेहद कम समय में इंडस्ट्री में अलग पहचान बना ली है। काफी समय से एक्ट्रेस आगामी फिल्म 'अपूर्वा' को लेकर चर्चा में हैं। फिलहाल उन्होंने अपनी इस एक्शन थ्रिलर फिल्म की शूटिंग भी पूरी कर ली है। मेकर्स की तरफसे कास्ट और क्रू की पूरी टीम के साथ तस्वीरें साझा कर जानकारी दी गई है।

अपूर्वा की शूटिंग पूरी होने पर सिने स्टूडियोज की तरफसे तस्वीरें साझा करते हुए कैप्शन में लिखा गया, टीम वर्क सबसे अच्छा काम है। 2022 को एक उच्च नोट पर समाप्त किया जा रहा है, क्योंकि हम 'अपूर्वा' को पूरा कर रहे हैं। तस्वीरों में सभी को बेहद खुशी के साथ पोज करते देखा जा सकता है।

निखिल नागेश भट द्वारा निर्देशित और स्टार स्टूडियो व मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो द्वारा निर्मित, 'अपूर्वा' में तारा सुतारिया मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में एक्ट्रेस अब तक का सबसे अलग किरदार निभाती नजर आएंगी। 'अपूर्वा' की पूरी कहानी एक महिला (तारा सुतारिया) के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म में दर्शक तारा सुतारिया का नया अवतार देखेंगे।

तारा सुतारिया खुद कहती हैं कि उनके लिए फिल्म 'अपूर्वा' बेहद खास है। फिल्म की घोषणा इसी साल 18 जुलाई को की गई थी और अभिनेत्री ने पोस्ट साझा करते हुए बताया था कि वह इतनी मजबूत और शक्तिशाली युवा महिला की भूमिका निभाने के लिए बहुत सम्मानित और रोमांचित हैं। इसी साल तारा सुतारिया फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' में नजर आई थीं। हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। फिलहाल उम्मीद है कि 'अपूर्वा' से तारा सुतारिया एक नया चेहरा बनकर उभरेंगी।

बेर खाने से स्वास्थ्य को मिलते हैं ये 5 प्रमुख लाभ, जरूर करें सेवन

बेर एक छोटे आकार का फल है, जिसकी खेती मुख्य रूप से दक्षिण एशिया में की जाती है। यह स्वाद में खट्टे-मीठे होते हैं और कई विटामिन्स, खनिज और अन्य गुणकारी पोषक तत्वों से समृद्ध होते हैं। इसका सेवन करने से शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाव करने में मदद मिल सकती है। आइए आज हम आपको बेर के सेवन से होने वाले पांच जबरदस्त फायदे बताते हैं।

अच्छी नींद दिलाने में हैं सहायक

अनिद्रा जैसी नींद की समस्याओं के इलाज के लिए चीनी दवाओं में अक्सर बेर का उपयोग किया जाता है। बेर के बीज और फल दोनों में पॉलीसेकेराइड और सैपोनिन की मात्रा अधिक होती हैं। इन यौगिकों में सिडेटिव और हिप्नोटिक गुण होते हैं, जो नर्वस सिस्टम पर अच्छा प्रभाव डालते हैं। इनकी मदद से तनाव कम होता है और अच्छी नींद आती है। रात के समय सोने से पहले बेर की एक कप गरम चाय जरूर पीएं।

पाचन स्वास्थ्य के लिए है लाभदायक

शरीर की अधिकतर समस्याएं पाचन तंत्र से जुड़ी होती हैं। अगर खाने का पाचन ठीक से नहीं होता है तो पेट दर्द, कब्ज, अल्सर और अन्य गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल परेशानियां होने लगती हैं। बेर फाइबर और कार्ब्स का एक अच्छा स्रोत है, जो पाचन संबंधित समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। इसके अलावा इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और शरीर को पूरे दिन ऊर्जावान रखने में मदद मिलती है।

त्वचा को चमकदार बनाने में है मददगार

बेर में विटामिन सी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते है और त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व चेहरे के मुंहासों और दाग-धब्बों को खत्म करके त्वचा को चिकनी और चमकदार त्वचा बनाने में कारगर हैं। यह झुर्रियों, महीन रेखाओं और पिगमेंटेशन के अलावा सोरायसिस, एक्जिमा और मेलेनोमा जैसी त्वचा की कई समस्याओं को कम करने में भी मदद करता है।

हड्डियों को बनाते हैं मजबूत

रिपोर्ट के मुताबिक, हड्डियों को स्वस्थ और मजबूत रखने के लिए कैल्शियम और फास्फोरस जैसे खनिज महत्वपूर्ण होते हैं। बेर में भी कैल्शियम, फास्फोरस और मैग्नीशियम जैसे हड्डियों को मजबूत करने वाले कई खनिज मौजूद होते हैं। इसी कारण बेर का सेवन हड्डियों के कार्य और लचीलेपन को प्रभावित करने वाले ऑस्टियोपोरोसिस जैसे विकारों को रोकता है और हड्डियों का मजबूत बनाता है।

ब्लड सर्कुलेशन में करता है सुधार

शरीर में आयरन की कम मात्रा होने की वजह से एनीमिया हो सकता है, जो कमजोरी, चक्कर और थकान का कारण बन सकता है। फास्फोरस, पोटैशियम, मैंगनीज, जिंक और आयरन से भरपूर बेर शरीर में ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करने और हृदय रोगों के जोखिम को रोकने में मदद करता है। यह शरीर में हीमोग्लोबिन की संख्या में भी सुधार करता है, जिससे हृदय भी स्वस्थ रहता है।

शॉर्ट ड्रेस में अलाया एफ ने कराया फोटोशूट

कंधे पर बने टैटू ने खींचा फैंस का ध्यान

एक्ट्रेस अलाया एफ ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर के सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है। अभिनेत्री अलाया एफ की तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस आए दिन अपनी बोल्ड और सेंसुअस अदाओं का जलवा इंटरनेट पर बिखेरती रहती हैं। हालांकि एक बार फिर अलाया एफ की लेटेस्ट हॉट फोटोज देख कर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं। एक्ट्रेस अलाया एफ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान एक बार फिर बेबाकि से कैमरे के सामने अपने हुस्न का जादू चलाया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अलाया एफ बेहद ही हॉट और ग्लैमरस लुक्स में नजर आ रही हैं। अलाया एफ ने अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में ग्रीन कलर की वन साइड शोल्डर ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अलाया अपने इस लुक में बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही है। उनका मुड़कर पोज देते हुए कैमरे के सामने कातिलाना अंदाज से देखना फैंस के दिलों पर खंजर चला रहा है। एक्ट्रेस अलाया एफ इन तस्वीरों में अपनी परफेक्ट टोंड बॉडी और टैटू फ्लॉन्ट करते हुए हॉटनेस का तड़का लगा रही हैं। ओपन हेयर और नो मेकअप लुक एक्ट्रेस अलाया एफ के इस आउटलुक को और भी अच्छे से निखार रहा है। अलाया एफ के वर्कफ्रंट की बात की जाए तो एक्ट्रेस ने सैफ अली खान की फिल्म जवानी जानेमन से बॉलीवुड डेब्यू किया था। हालांकि अब वो जल्दी ही कार्तिक आर्यन के साथ अलाया ने फ्रेडी में लीड रोल निभाते हुए दिखाई देंगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

खास - खबर

निगम सचिव जीवन वर्मा अपने सफल कार्यकाल पूर्ण कर इस माह हो रहे सेवानिवृत

भिलाई। निगम सचिव जीवन वर्मा अपने सफ्लतम कार्यकाल पूर्ण कर इस माह सेवानिवृत हो रहे है ऐसे में निगम आयुक्त रोहित व्यास ने डिप्टी कमिश्नर नरेंद्र बंजारे को अपने वर्तमान कार्यों के साथ-साथ सचिवालय में सचिव का काम करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए आयुक्त ने आदेश भी जारी कर दिया है। वही धीरज कुमार साहू सहायक राजस्व अधिकारी जो कि राजस्व विभाग के मुख्य कार्यालय में पदस्थ थे उन्हें जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर में सहायक राजस्व अधिकारी का कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। आयुक्त ने प्रशासनिक वव्यस्था के तहत इन अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उल्लेखनीय है कि निगम सचिव के प्रभार में रहे जीवन लाल वर्मा इस माह सेवानिवृत हो रहे है। ऐसे में सचिवालय की जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए निगम आयुक्त ने बंजारे को जिम्मेदारी सौंपी है। एमआईसी में प्रकरण रखने से लेकर सामान्य सभा के आयोजन में सचिव की प्रमुख भूमिका होती है। अब बंजारे अपने वर्तमान प्रभार के साथ-साथ प्रभारी सचिव का भी काम करेंगे।

मितान योजना का लोगों को मिल रहा घर बैठे फायदा

रिसाली। कार्यालय के चक्कर लगाए व बिना एजेंट के घर बैठे पैन कार्ड बनाने की सुविधा महज एक फोन करने से मिलेगी। नगर पालिक निगम रिसाली में 14545 मितान योजना के तहत् पैन कार्ड बनाना शुरू कर दिया है। खास बात है कि निगम क्षेत्र में महज 6 माह में 1832 लोगों ने घर बैठे आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराकर प्रमाण पत्र बनवा चुकें है। आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि प्रदेश सरकार ने मई 2022 में मितान 14545 योजना शुरू की है। इस योजना के तहत् किसी भी व्यक्ति को कार्यालय आने की जरूरत नही। घर बुलाकर दस्तावेज को स्कैन करा सकता है और निर्धारित अवधि में जन्म-मृत्यु, विवाह, गुमास्ता या फिर अन्य प्रमाण पत्र बनवा सकतें है।

महिला सशक्तिकरण के लिए लर्निंग लिंक्स फाउण्डेशन चलाएगा कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। लर्निंग लिंक्स फाउण्डेशन नई दिल्ली द्वारा चलाये जा रहे महिला सशक्ति कार्यक्रम एवं सशक्ति चैन का उद्घाटन समारोह महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 में आयोजित किया गया। महिला राशिक्ति कार्यक्रम में लघु उद्योग से जुड़ने एवं अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने व अपने व्यापार को कैसे आगे बढ़ाये इसके लिए फाउंडेशन द्वारा डिजिटल साक्षरता के माध्यम से महिलाओं को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया जाता है।

लर्निंग लिंक्स फाउण्डेशन एवं मास्टर कार्ड द्वारा सशक्ति वैन जो कि लेप टॉप एवं मोबाईल नोट पेड से लेस है। पूरे दुर्ग व रायपुर जिले में प्रचार प्रसार कर डिजिटल साक्षरता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम चलायेगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम उपरांत महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं बुन्निदा महिलाओं को आर्थिक मदद लर्निंगलिश फाउण्डेशनद्वारा दिया जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दुर्ग अरुण वोरा उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि दुर्ग निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल थे। इस मौके पर विधायक अरूण वोरा ने उक्त कार्यक्रम की सराहना करते हुएअच्छे कार्य के लिए सभी को आगे आने और इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण कार्य होना चाहिए इससे महिलाएं जागरूक होंगी और हमारा सामाज जागरूक होगा । इस मौके पर विधायक वोरा ने संस्था को सहयोग का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम विशिष्ठ अतिथि दुर्ग महोपौर बाकली बाल ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र के स्वसहायता समूह की महिलाओं को भी इसी तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएं।

महिला सशिक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत एक रैली का भी आयोजन किया गया और सशक्ति वैन का प्रदर्शन किया गया। लोक नृत्य के साथ रैली कार्यक्रम स्थल पर पहुंची।

महिला महा विद्यालय सेक्टर-9 की प्रिंसिपल डा0 संध्या मदन मोहन ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपने कॉलेज की छात्राओं को भी प्रशिक्षण देने लर्निंग लिंक्स फाउण्डेशन से प्रशिक्षण देने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में लर्निंग लिंक्स फाउण्डेशन छत्तीसगढ़ की मैनेजर शबाना रिजवी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये सशक्ति वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।

जिला अस्पताल में स्टमक परफोरेशन का हुआ सफल इलाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। जिला चिकित्सालय दुर्ग में स्टमक मेन परफोरेशन हो जाने की वजह से सेप्टिसिमिया में गए मरीज का जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों ने सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर जान बचाई। मरीज का नाम कुमार दास, उम्र 42 वर्ष है। जो कि पिछले 4 दिनों से पेट में दर्द, पेट फूल जाने की वजह से परेशान था एवं अब उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी।

डॉक्टरों का कहना था कि पूरी बॉडी में संक्रमण फैल जाने की वजह से उसका ब्लड प्रेशर भी बहुत कम हो गया था। ऐसे में ऑपरेशन करना बहुत जरूरी था। इसीलिए तुरंत ऑपरेशन करके परफोरेशन तुरंत रिपेयर करना पड़ा, ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति अभी स्टेबल है।

ऑपरेशन के समय मुख्य सर्जन डॉ. सरिता मिंज, उनके असिस्टेंट डॉक्टर कामेंद्र ठाकुर, एनेस्थीसिया देने में अहम भूमिका निभाने वाले डॉक्टर बसंत चौरसिया, नर्सिंग स्टाफ शीनी चेरियन, शिबेन दानी एवं रमेश मौजूद रहें। सिविल सर्जन डॉ. शर्मा ने इसके लिए टीम को बधाई दी है। जीवनदीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर एवं प्रशांत डोनगांवकर ने कहा कि जिला चिकित्सालय में संसाधन एवं मेडिकल स्टाफ बढने से यह सफलता मिली है।

आरक्षण बिल पर हस्ताक्षर की मांग, युवा कांग्रेस भेजेगी राज्यपाल को पोस्टकार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ में आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस व राजभवन आमने सामने हैं। विधानसभा में बिल पारित होने के बाद राज्यपाल इसमें हस्ताक्ष्र नहीं कर रही है। इसे लेकर प्रदेश भर में कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। इसी कड़ी में युवा कांग्रेस ने भी राज्यपाल को पोस्टकार्ड भेजने का निर्णय लिया है। इसके लिए शहर के स्टूडेंट्स भी सामने आए हैं। युवा कांग्रेस के दुर्ग, भिलाई नगर व वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्रों में छात्रों से संपर्क कर पोस्टकार्ड भरवाएं हैं और इन पोस्टकार्ड को राज्यपाल को भेजा जाएगा।

भिलाई विधानसभा अध्यक्ष अर्जुन शर्मा ने बताया कि आरक्षण बिल को विधानसभा में पारित कर राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत हुए 29 दिन हो चुका है। परंतु केंद्र सरकार के दबाव में राज्यपाल द्वारा बिल पर हस्ताक्षर करने विलंब किया जा रहा। इसके कारण हजारों छात्रों का भविष्य अधर में है। नौकरियां लटकी हुई हैं और राज्यपाल अपने जिद पर अड़ी हुई हैं। आकाश शर्मा ने कहा है कि यदि 3 दिनों में बिल पारित नही होता है तो प्रदेश कांग्रेस व युवा कांग्रेस के निर्देश पर राज्यपाल के निवास का घेराव किया जयेगा।।

नंदनी रोड पर अतिक्रमण करने वालो पर हुई कार्रवाई अवैध निर्माण के साथ ही नालियों से हटाया गया कब्जा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों पर शिकंजा कसते हुए उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, जोन 03 मदरटेरेसा नगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने नंदनी रोड पर सड़क किनारे नाली पर अतिरिक्त निर्माण और बांस बल्ली व टीन से अस्थाई रूप से कब्जा कर व्यवसाय करने की शिकायत पर 10 से अधिक स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए तोड़फोड़ उपरांत सामग्री को भी जप्त किया गया।

निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारी/कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए है। इसके परिपालन में निगम की टीम अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर नजर रखते हुए उनपर कार्यवाही कर रही है। जोन 03 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम ने बताया कि नंदनी रोड पर सड़क के किनारे अतिक्रमण की शिकायत मिली थी, जिस पर आज निगम की टीम ने हटाने की कार्यवाही की। उन्होंने बताया कि नंदनी रोड पर भारी संख्या में वाहनों की आवाजाही होती रहती है, हमेशा भीड़ भाड़ वाले इस मार्ग पर बड़े, छोटे सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही दिनभर होते रहती है, इस कारण ट्राफिक का दबाव रहता है। नंदनी रोड पर चौरसिया होटल चौक के पास दुकान संचालक अतिरिक्त निर्माण कर लिए थे जिसके कारण अक्सर जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। व्यवसायियों द्वारा नाली के उपर अतिरिक्त निर्माण कर आने जाने के लिए सीढ़ी, चबूतरा व सामान रखने के लिए रेम्प बनाया लिया गया था, कई दुकानदार अतिक्रमण के उद्देश्य से दुकान के आगे कई फीट दूर सड़क किनारे तक व्यवसाय कर रहे थे, दुकानों के सामने बेतरतीब तरीके से वाहनों के पार्किंग होने से आवागन बाधित होता था, मार्ग में हमेशा भीड़ भाड़ रहता है इसलिए आवागमन में कोई बाधा न हो इसे देखते हुए कार्यवाही की गई। राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तोड़फोड़ कर सामग्री को जप्त किया।

कुछ दुकानदार सामान फैलाकर व्यवसाय कर सड़क बाधा कर रहे थे,चेतावनी देने के साथ ही उनसे 8 हजार रूपए अर्थदण्ड भी वसूला गया।

श्री राम और भरत के निःस्वार्थ प्रेम में विश्व बंधुत्व का पवित्रतम निर्मल भाव निहित-पं. दीक्षित

नेहरू नगर में 7 दिवसीय श्रीराम कथा का विधिवत समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। शिवानंद योग निकेतन के संयुक्त तत्वावधान सात दिवसीय श्री राम कथा का विधिवत समापन शुक्रवार की शाम हो गया। कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई के परिसर में कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राम जानकी के पूजन, दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया। इस दौरान स्टील सिटी भिलाई छत्तीसगढ़ के सुविख्यात शिक्षाविद्, कर्मयोगी, आध्यात्मिक, पौराणिक,ऐतिहासिक विषयों के ज्ञाता कथावाचक व कुशल वक्ता एम एम त्रिपाठी (चेयरमैन कृष्णा ग्रुप आफइंस्टीट्यूशंस) ने रामायण के भिन्न-भिन्न पात्रों की चर्चा करते हुए आज के प्रसंग में हनुमान जी के बारे में कुछ ऐसी बातों की जानकारी दी जिससे लगभग सभी श्रोतागण अनभिज्ञ थे।

तत्पश्चात उन्होंने कथावाचक नीलमणि दीक्षित को अद्वितीय, अविस्मरणीय भूमिका की चर्चा करते हुए रामचरितमानस की पीयूष धारा को प्रवाहित कर जनमानस को धन्य करने वाला कहकर उनका धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके बाद के- के सिंघल ने पंडित नीलमणि दीक्षित के सुमधुर गायन वादन की प्रशंसा करते हुए कहा कि रामचरितमानस की पंक्तियों में ऐसा गूढ़ अर्थ छिपा है इसका ज्ञान हम लोगों को पहली बार प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहां कि ऐसे ज्ञानी ,संत , महात्मा का सानिध्य पाकर हम खुद को बड़ा ही सौभाग्यशाली मान रहे हैं। तत्पश्चात रमेश तिवारी ने एम एम त्रिपाठी के विषय में कहा कि वे स्वयं चलते फिरते राम कथा के संकलन हैं। उन्होंने कहा कि नीलमणि दीक्षित संत महात्मा ही समाज का पाथेय हैं।

इसके बाद पंडित नीलमणि दीक्षित ने मानस प्रसंग में कहा कि चित्रकूट में सभी एक दूसरे को प्रणाम कर रहे हैं जब माता सीता अपनी माताओं को प्रणाम कर रही हैं तब सभी माताएं गदगद होकर उन्हें सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद दे रही हैं। जब गुरु वशिष्ठ भगवान राम से उनके पिता दशरथ के देहावसान के बारे में बताते हैं तब उन पंक्तियों को अत्यंत ही भावुकता से गाकर भरे हुए कंठ से पं. दीक्षित ने व्याख्या की। इस दौरान ऐसा लग रहा था, जैसे चित्रकूट में अवधपुरी के प्रजा के साथ सभागार में बैठे संपूर्ण श्रोतागण भी व्याकुल हो उठे हैं।

पंडित दीक्षित की वाणी में इतनी करुणा थी और इतना प्रेम परिलक्षित हो रहा था कि मानो आज ही दशरथ का निधन हुआ हो। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमएम त्रिपाठी, कृष्णा त्रिपाठी, श्री दुबे, नरेश खोसला,आनंद त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवानंद योग निकेतन संस्था के सभी कार्यकर्ता ज्योति शर्मा, संयोगिता त्रिपाठी एवं रमेश तिवारी का सहयोग सराहनीय रहा।

10 लाख की विधायक निधि से होगा रेवा तालाब सौंदर्यीकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। वार्ड क्रमांक 23 के पार्षद एवं निवासियों के आग्रह पर दीपक नगर स्थित रेवा तालाब हेतु विधायक अरुण वोरा ने 10 लाख की राशि स्वीकृत की, आज वोरा निवास पर वार्ड वासियों ने उनसे मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताई की वार्ड में एक मात्र निस्तारी हेतु तालाब है जो की गंदा पानी की वजह से लोगो के चर्म रोग से पीड़ित होने का कारण बन रहा है।

वार्ड के लोगो ने वोरा से अनुरोध किया कि पेवेरब्लॉक ,ओपन जिम व रौशनी हेतु लाइट लगाने की मांग की जिसको अरुण वोरा ने वार्ड वासियों के अनुरोध पर स्थल का निरीक्षण कर हनुमान मंदिर व शीतला मंदिर में पूजा अर्चना भी की। तालाब का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश देते हुए राशि का जनहित में सदुपयोग करने कहा जिससे दीपक नगर वार्ड के निवासियों की निस्तारी की समस्या का समाधान होने के साथ ही ओपन जिम व प्रकाश व्यवस्था से स्वास्थ्य लाभ एवं सुरक्षित स्वच्छ वातावरण भी मिल सके। लोगो ने उनका आभार व्यक्त किया,वार्ड के प्रमुख रूप सेपूर्वी ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार पाली प्रवक्ता सुशील भारद्वाज, वार्ड पार्षद मीना सिंह, फर्नीश शर्मा, राजकुमार , अजय साहू, राहुल अग्रवालराजेंद्र दास महंत दिलीप साहू भानु प्रताप साहू राजकुमार सिंह आत्माराम देव कुमार राजपूत राज कुमार गुड्डू मंगल राजपूत विक्रम सारथी सागर कुमार उमरे लखपति अजय साहू कुंभ लाल प्रकाश ठाकुर राजकुमार निर्मलकर बाना ठाकुर किशोर राजपूत खुर्रम खान विश्वकर्मा विक्की निर्मलकर दाव निर्मलकर हरिशंकर रामचरण निर्मलकर चामरू ओमप्रकाश विश्वकर्मा दीपक साहू सागर साहू मुकेश निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

कोक ओवन में शिरोमणि पुरस्कार समारोह का हुआ आयोजन

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के सभागार में विगत दिनों षिरोमणि पुरस्कार योजना के अंतर्गत कर्म षिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कोक ओवन के विभाग प्रमुख श्री तरूण कनरार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विभाग प्रमुख तरूण कनरार ने नवंबर 2022 में विभाग में बेहतरीन प्रदर्षन के लिए मास्टर तकनीषियन, (इलेक्ट्रिकल मेन्टेनेंस) श्री बसंत कुमार शर्मा व मास्टर आपरेटर (बैटरी ऑपरेषन) श्री देवेन्द्र कुमार नाहक को कर्म षिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार स्वरूप कर्म षिरोमणि पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रषस्ति पत्र प्रदान किया गया।

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshi gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास खबर



बेकाबू कार खदान में गिरी, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

सारंगढ़ (ए)। सारंगढ़ जिले के टीमर लगा के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क किनारे खुली खदान में जा गिरी। इस दौरान कार में सवार पांच लोग खदान में भरे गहरे पानी में डूब गए। घटना के बाद कार सवार 15 वर्षीय छात्रा ने किसी तरह तैर कर अपनी जान बचाई। जबकि चार अन्य लोग नहीं निकल पाए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। खदान में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। जबकि तीन अन्य लोगों को गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया। पुलिस ने खदान में डूबी कार भी हाइड्रा की मदद से बाहर निकाल दी है। बताया जाता है कि मृतका मीनू पटेल टीमरलगा गांव की सरपंच थीं। उसके साथ उसके पति, सास, ससुर और 15 वर्षीय बेटी पारिवारिक कार्य से ओडिशा गए हुए थे। वापसी में रात तकरीबन 03.00 बजे कार अनियंत्रित होकर खदान में गिर गई। पुलिस ने सभी चारों मृतकों के शव बरामद कर लिए हैं। शवों को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

टायर फटने से सड़क पर पलटी कार, युवक-युवती की मौत

बिलासपुर। जिले में शुक्रवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार की टायर फटने से सड़क पर पलट गई और इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। कार में पांच लोग सवार थे जिसमें से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार सवार सभी लोग पिकनिक मनाने जा रहे थे। घटना जिले के सकरी थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार आसमा सिटी और पुलिस लाइन में रहने वाले करीब पांच लोग पिकनिक मनाने कोटा के कोरी डेम गए थे। पिकनिक मनाने के बाद कार में सवार युवक युवतियां रात करीब 11 बजे वापस लौट रहे थे। सकरी थाना क्षेत्र के भरनी रोड पर कार का टायर फट गया। इस दौरान कार की रफ्तार काफी ज्यादा थी। टायर फटने से कार हिचकोले खाते हुए सड़क पर पलट गई। हादसे मे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद कार की हालत ऐसी थी कि पांच सवार कार में बुरी तरह से फंस गए थे। यहां से गुजरने वाले लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची 112 की टीम व पुलिस पार्टी ने राहगीरों की सहायता से घायलों को बाहर निकाला। इस दौरान एक युवक व युवती कार में बुरी तरह से फंसे हुए थे जिनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान पुलिस लाइन निवासी आरजू जायसवाल (24) व बैकुंठपुर निवासी श्रेया सिंह (16) के रूप में हुई है।

शहर में चोरी व गुम हुए 133 मोबाइल फोन पुलिस ने किए बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। शहर में चोरी व गुम हुए मोबाइल की पतासाजी में दुर्ग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अलग अलग थानों में दर्ज शिकायतों की जांच के बाद पुलिस ने ऐसे 133 मोबाइल फोन बरामद कर प्रार्थियों को सौंपना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को एसपी डॉ अभिषेक पल्लव की माजूदगी में शिकायत कर्ताओं को बुलाकर उनके मोबाइल फोन उन्हें दिए गए। गुम मोबाइल पाने की उम्मीद खो चुके लोगों के चेहरों पर अपना मोबाइल पाकर अलग ही खुशी देखी गई।

अलग अलग थानों में दर्ज थी शिकायतें

बता दें शहर में अलग अलग थानों में मोबाइल गुम होने व चोरी होने की शिकायतें दर्ज होती रहती हैं। दुर्ग पुलिस की एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट दुर्ग के निरीक्षक संतोष मिश्रा के नेतृत्व में गुम व चोरी हुए मोबाइल फोन की खोज की गई। 2021-2022 में गुम मोबाइल से संबंधित आवेदन पत्रों के आधार पर अभियान चला कर एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम द्वारा दुर्ग, भिलाई, राजनांदगाँव, बालोद, बेमेतरा एवं रायपुर क्षेत्रों में चल रहे कुल 133 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाइल बरामद किया। इनकी कीमत तकरीबन 27 लाख रुपए है। सभी मोबाइल संबंधित आवेदकों को विधिवत् वितरण किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम की उल्लेखनीय भूमिका रही।

ऑनलाइन शॉपिंग से मंगवा रखे थे धारदार हथियार नाबालिगों से पुलिस ने बरामद किए 48 धारदार चाकू

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। ऑनलाइन शॉपिंग के जरिए इन दिनों नाबालिगों में धारदार हथियार मंगाने का ट्रेंड चल रहा है। इन हथियारों से नाबालिगों द्वारा किसी गंभीर अपराध को किए जाने की आशंका है। इसे देखते हुए एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा ऑनलाइन शॉपिंग के जरिए मंगाए गए धारदार हथियारों का डाटा बनाने व इनकी डिलीवरी किसके नाम पर हुई यह पता लगाने तथा इन हथियारों को जब्त करने का निर्देश दिया था।

इसी कड़ी में दुर्ग पुलिस की एंटी क्राईम एंड सायबर यूनिट ने अभियान चलाया और ऐसे ऑर्डर की पता साजी की। इस दौरान आनलाईन शापिंग साइटस के विभिन्न कंपनियो से संपर्क स्थापित कर घातक हथियार मंगाने वालो की सूची मंगाई गई। इसमें दर्ज नाम व मोबाइल नंबर के आधार पर 48 नग घारदार चाकू बरामद किया गया। ऑनलाईन शापिंग साइट्स के माध्यम से घातक हथियार मंगाने वालो में ज्यादातर नाबालिक शामिल रहे। नाबालिगों के परिजनो को बुलाकर दोबारा ऐसा न करने की समझाइस देकर चेतावनी दी गई।

पिटाई से महिला का हुआ गर्भपात, भ्रूण लेकर पहुंची थाने, जरा सी बात पर दूधवाले ने की मारपीट

श्रीकंचनपथ न्यूज

सरगुजा। जिले में गर्भवती महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसके मायके में दूध देने वाला है। दरअसल दूध के पैसे बकाया होने पर दूधवाले ने अपने साथियों के साथ घर में घुसकर मायके वालों से मारपीट की। इस दौरान महिला बीच में आई तो उससे भी मारपीट की गई। इस दौरान दूधवाले ने महिला के पेट में जोरदार लात मार दी जिससे उसका गर्भपात हो गया। इसके बाद महिला भ्रूण हाथ में लेकर थाने पहुंची।

यह पूरा मामला सरगुजा जिले के सीतापुर थाने का है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता प्रिया सोनी (20) पांच माह के गर्भ से थी। वह उलाकिया ग्राम पंचायत के बरबहला पारा स्थित मायके में पहुंची थी। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने बताया कि उसके मायके वाले नारायण यादव नाम के व्यक्ति से दूध लेते हैं। तीन महीने का दूध का बिल करीब 2 हजार रुपए पहुंच गया था। गुरुवार सुबह वह दूध के पैसे लेने आया तो घर वालों ने कल देने की बात कही।

इसके बाद नारायण यादव वहां से चला गया लेकिन कुछ देर पर अपने साथियों के साथ आया और दूध के पैसे की मांग करते हुए विवाद करने लगा। नारायण यादव ने अपने साथियों के साथ पीडिता के माता पिता सहित अन्य को पीटना शुरू कर दिया था। वहीं बीच बचाव करने पहुंची पीड़िता को भी मारा। इससे उसके पेट में चोट लगी और दर्द से तड़प कर गिर गई। इसके बाद उसका गर्भपात हो गया। इसके बाद पीडिता भ्रूण लेकर थाने पहुंची और नारायण यादव व उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर लिया है।

नवविवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, जांच में जुटि पुलिस

बिलासपुर (ए)। जिले के एक गांव में एक 18 वर्षीय नवविवाहित महिला अपने घर में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाई गई। पुलिस ने मृतका की पहचान डगनिया गांव की संध्या राय के रूप में की है।

पुलिस ने बताया कि मृतका का शव उसके घर में बिस्तर पर पड़ा मिला, उसके गले पर निशान थे। मृतक महिला ने पिछले साल राम स्नेही राय से शादी की थी। ये प्रेम विवाह था। पुलिस ने कहा कि मौत के कारण अभी पता नहीं चल पाया है और इस मामले में आगे की तहकीकात जारी है।

नए साल में हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की नजर, नियम तोड़ने वालों को पैदल घर भेजेगी दुर्ग पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नए साल के स्वागत में हुड़दंग करने वालों पर दुर्ग पुलिस की विशेष नजर रहेगी। इस बार दुर्ग पुलिस की विशेष तैयारी है। दरअसल पुलिस ने तय किया है कि इस बार जो भी वाहन चालक नियम तोड़ेगा यानी शराब पीकर, तीन सवारी, बिना नंबर, ब्लैक फिल्म मोडिफाई सायलेंसर, हुड़दग करते वाहन चलाते पाया जाएगा उन्होंने पैदल भेजा जाएगा। इसके लिए पुलिस ने शहर के सभी व्यस्ततम क्षेत्रों में प्वाइंट बनाकर ड्यूटी करेगी।

31 दिसंबर नववर्ष की पूर्व रात्रि में होने वाले लेट नाइट पार्टी व हुडदंग को देखते हुए डॉ. अभिषेक पल्लव ने नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश यातायात विभाग को दिया। 31 दिसंबर को यातायात डीएसपी सतीष ठाकुर, सदानंद विध्यराज के नेतृत्व में निरीक्षक स्तर की टीम गठित कर चार अलग-अलग जोन क्षेत्र में फिक्स वाहन चेकिंग पाइंट लगाया जाएगा। इस दौरान यदि कोई वाहन चालक शराब के नशे में, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट, मोडिफाई सायलेंसर एवं हुड़दंग करते वाहन चलाते हुए पाये जाने पर ऐसे वाहन चालक के वाहन जब्त किया जाएगा और वाहन चालकों को पैदल भेजा जाएगा। इसके बाद जब्त वाहनों को 2 जनवरी 2023 को न्यायालय में प्रस्तुत कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। 31 दिसंबर की रात को यातायात पुलिस शहर के 25 स्थानो पर चेकिंग पाइंट लगाकर कार्रवाई करेगी।

डेढ़ दर्जन से ज्यादा सटोरिये गिरफ्तार

रायपुर (ए)। पुलिस ने शहर भर में सटोरियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्र में सट्टा खिलाते 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनसे नगद 23630 रूपए जब्त किया है।

पुलिस की टीम ने अभियान चलाकर सट्टा खिलाते आरोपी रंजीत यादव 23 वर्ष निवासी पंडरी ताजनगर, श्रवण भारती 37 वर्ष निवासी बेहरा कालोनी, आकाश बैरागी 25 वर्ष निवासी पंडरी बाजार, मुकेश सागर 35 वर्ष निवासी कुकुरबेड़ा, ईमरान खान 35 वर्ष निवासी नेहरू नगर कोतवाली, जय ताण्डी 45 वर्ष निवासी नेहरू नगर, घनश्याम शर्मा 43 वर्ष निवासी पचपेढ़ी नाका, नागेश प्रताप 30 वर्ष निवासी चंगोराभाठा, रवीन्द्र वालिया 49 वर्ष निवासी गोलबाजार, विक्की तिवारी 28 वर्ष निवासी कुशालपुर, जगन्नाथ ताण्डी 35 वर्ष निवासी महादेव घाट, मोह. ईमरान 23 वर्ष निवासी बैजनाथपारा, मुकेश कुमार साहू 28 वर्ष निवासी बढ़ईपारा, बंदू नायक 40 वर्ष निवासी नेहरू नगर, रूपेश राव 23 वर्ष निवासी गोकुल नगर, योगेश साहू 19 वर्ष निवासी विजय नगर, आशुतोष गुप्ता 49 वर्ष निवासी छपरिया कालोनी, विशाल बघेल 68 वर्ष निवासी बड़े उरला, पवन कुमार बया 28 वर्ष निवासी गोलपारा व राजा राव 40 वर्ष निवासी गोबरानवापारा को गिरफ्तार किया है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-7709/NIT-59/2022-2023/त्र ले लि   दिनांक : 26/12/2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 06/01/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 12/01/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि - 13/01/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एन.आई.टी.क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में)
1	2	3
59 T0354	ग्राम देउरगाँव में मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 310 मीटर	19.88 15000.00
59 T0355	ग्राम सैंगोना में वर्मा पारा से प्राथमिक शाला तक सी.सी.रोड निर्माण ल.260 मीटर	15.82 12000.00
59 T0356	ग्राम पंचायत बरगांव में मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी केन्द्र तक सी.सी. रोड एवं नाली सहित निर्माण कार्य ल.250 मीटर	20.00 15000.00
59 T0357	ग्राम पंचायत सिंघनपुरी में बस्ती से मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 350 मीटर	16.28 13000.00
59 T0358	ग्राम पंचायत कन्हेरा में आंगनबाड़ी केंद्र क्र.2 से मुख्य मार्ग तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 350 मीटर	16.13 13000.00
59 T0359	ग्राम पंचायत कन्हेरा में धान खरीदी केंद्र से मुख्य मार्ग तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 350 मीटर	19.98 15000.00
59 T0360	ग्राम पंचायत सैंगोना में शासकीय प्राथमिक शाला से बस्ती तक नाली निर्माण कार्य ल. 510 मीटर	19.90 15000.00
59 T0361	ग्राम पंचायत सैंगोना में शासकीय प्राथमिक शाला से रूप सिंह वर्मा के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 255 मीटर	19.66 15000.00
59 T0362	ग्राम ठेलका में मेनरोड (पुराना अस्पताल) से पंचायत भवन तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 300 मीटर	19.02 15000.00
59 T0363	ग्राम पिपरिया में मेनरोड से पूर्व माध्यमिक शाला तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 300 मीटर	19.02 15000.00
59 T0364	ग्राम बेलतरा में मेनरोड (बेलगाँव मोड़) से सोसायटी तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 285 मीटर	19.96 15000.00
59 T0365	ग्राम भैंसामुड़ा में मेनरोड से आंगनबाड़ी तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 300 मीटर	19.02 15000.00
59 T0366	मेनरोड से प्राथमिक शाला से हाईस्कूल हाटरांका तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 360 मीटर	16.91 13000.00
59 T0367	ग्राम घोटवानी में बस्ती से पूर्व माध्यमिक शाला भवन तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 300 मीटर	19.02 15000.00
59 T0368	ग्राम ओड़िया में नयापारा से हाई स्कूल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 350 मीटर	16.07 13000.00
59 T0369	ग्राम बोरतरा में मेन रोड यादवपारा से महामाया होते होए पूर्व माध्यमिक शाला तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य ल. 300 मीटर	18.89 12000.00
59 T0370	ग्राम चिल्फी में मेन रोड से सोसायटी खाद गोदाम तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 285 मीटर	19.96 15000.00
59 T0371	ग्राम पंचायत कन्हेरा में गांधी चौक से नयापारा तक नाली निर्माण कार्य ल. 510 मीटर	19.90 15000.00

निविदा संबंधी शर्तों का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-97186/5

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाइट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

होलसेट रेट में रिटेल
नववर्ष धमाका
श्री ओम टेक्सटाईल्स
रेडिमेड ▸ शुटिंग-शर्टिंग ▸ किड्स वियर ▸ साड़ी ▸ सिल्क साड़ी
डिजाईनर साड़ी ▸ कुर्ती एवं सलवार ▸ हैण्डलूम ▸ चादर ▸ पर्दे
शीतला तालाब के पास, शंकरपारा पारा, लक्ष्मी मार्केट के सामने, सुपेला 9229229195

Bharat Power Batteries
EXIDE XPRESS
2023 नववर्ष की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं ...
1/5 M.G. Market, Power House, Bhilai
Annu Bhai# 9039640736, 9302737437



2023 नववर्ष की
बहुत-बहुत बधाई
एवं शुभकामनाएं ...

January

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
1	2	3	4	5	6	7
8	9	10	11	12	13	14
15	16	17	18	19	20	21
22	23	24	25	26	27	28
29	30	31				

February

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
			1	2	3	4
5	6	7	8	9	10	11
12	13	14	15	16	17	18
19	20	21	22	23	24	25
26	27	28				

March

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
			1	2	3	4
5	6	7	8	9	10	11
12	13	14	15	16	17	18
19	20	21	22	23	24	25
26	27	28	29	30	31	

April

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
						1
2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15
16	17	18	19	20	21	22
23	24	25	26	27	28	29
30						

May

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
	1	2	3	4	5	6
7	8	9	10	11	12	13
14	15	16	17	18	19	20
21	22	23	24	25	26	27
28	29	30	31			

June

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
				1	2	3
4	5	6	7	8	9	10
11	12	13	14	15	16	17
18	19	20	21	22	23	24
25	26	27	28	29	30	

July

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
						1
2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15
16	17	18	19	20	21	22
23	24	25	26	27	28	29
30	31					

August

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
		1	2	3	4	5
6	7	8	9	10	11	12
13	14	15	16	17	18	19
20	21	22	23	24	25	26
27	28	29	30	31		

September

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
					1	2
3	4	5	6	7	8	9
10	11	12	13	14	15	16
17	18	19	20	21	22	23
24	25	26	27	28	29	30

October

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
1	2	3	4	5	6	7
8	9	10	11	12	13	14
15	16	17	18	19	20	21
22	23	24	25	26	27	28
29	30	31				

November

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
			1	2	3	4
5	6	7	8	9	10	11
12	13	14	15	16	17	18
19	20	21	22	23	24	25
26	27	28	29	30		

December

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
					1	2
3	4	5	6	7	8	9
10	11	12	13	14	15	16
17	18	19	20	21	22	23
24	25	26	27	28	29	30
31						

Hindu Festivals Calendar 2023

- **Jan 02 :** Vaikuntha Ekadashi
- **Jan 06 :** Arudra Darshan
- **Jan 14 :** Makara Sankranti
- **Jan 15 :** Pongal
- **Jan 26 :** Vasant Panchami
- **Jan 28 :** Ratha Saptami
- **Feb 05 :** Thaipusam
- **Feb 18 :** Maha Shivaratri
- **Mar 08 :** Holi
- **Mar 22 :** Chaitra Navratri, Gudi Padwa, Ugadi
- **Mar 30 :** Rama Navami
- **Apr 06 :** Hanuman Jayanti
- **Apr 14 :** Tamil New Year, Mesha Sankranti
- **Apr 15 :** Vishu
- **Apr 22 :** Akshaya Tritiya
- **May 04 :** Narasimha Jayanti
- **Jun 20 :** Jagannath Rath Yatra
- **Jul 03 :** Guru Purnima
- **Aug 21 :** Naga Panchami
- **Aug 25 :** Varalakshmi Vratham
- **Aug 29 :** Onam
- **Aug 30 :** Raksha Bandhan
- **Sep 07 :** Krishna Janmashtami
- **Sep 19 :** Ganesh Chaturthi
- **Oct 21 :** Maha Saptami
- **Oct 22 :** Maha Ashtami
- **Oct 23 :** Maha Navmi, Saraswati Pooja
- **Oct 24 :** Dussehra, Vijayadashami
- **Nov 10 :** Dhanteras
- **Nov 12 :** Diwali/Deepavali
- **Nov 26 :** Karthigai Deepam
- **Nov 27 :** Karthik Purnima
- **Dec 05 :** Kalabhairav Jayanti
- **Dec 23 :** Vaikuntha Ekadashi
- **Dec 27 :** Arudra Darshan

KASTOORI Family Restaurant
DINE IN | HOME DELIVERY | TAKEAWAY
SWIGGY zomato Smartlife Kurinjee
28, Ashish Nager (W), Beside Church, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai
-: Contact :-
9685392112 9893310220
9329250898 9098166240

COMMERCE GURU
Hemmu Sahu

35, Gourav Path, Sundar Nagar, Bhilai
Mo. +91 9644454810, +91 8103338634

ताज बैग हाऊस
All Kind of Bags Manufacturer & Wholsaler
SCHOOL BAGS | AIR BAGS | COLLEGE BAGS
LAPTOP BAGS | LADIES BAGS | TROLLY
Near Masjid, Indira Murti Chowk, Camp-2, Power House Bhilai (Chhattisgarh)
Mo.-9589392786, 9300621168, 7999976285

Md. Taj

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950